● सीधी, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 116, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 03 जून 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



प्रमोद कृष्णम का राहुल पर तंज 5

दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट को कहा अलविदा 6

# अरुणाचल और सिक्किम में सत्तारूढ़ दलों की वापसी

**नई दिल्ली**

पूर्वोत्तर के दो राज्यों अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ गए। सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने भारी बहुमत के साथ जीत हासिल की। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में एक बार फिर पेमा खांडू सरकार (भाजपा) की वापसी हुई। बता दें कि दोनों ही राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी-अपनी सीट से जीत हासिल की।

सिक्किम की 32 सीटों में एसकेएम ने 31 सीटें जीतीं, जबकि एक सीट सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के खाते में गई। अरुणाचल प्रदेश की 60 सीटों पर भाजपा ने 46 सीटों पर जीत हासिल की। इसके अलावा कांग्रेस को एक, एनपीपी को पांच और अन्य को आठ सीटों



चुनाव आयोग ने राज्यपाल को सौंपी रिपोर्ट

पर जीत मिलीं। इस बीच, दोनों ही राज्यों में कार्यकर्ता खुशियां मना रहे हैं। दोपहर बाद दोनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री राज्यपाल से मिलेंगे।

### 41 सीटें जीत कर दूसरी बार सीएम बने थे पेमा

2019 के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 41 सीटें जीतीं और पेमा खांडू फिर से मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस ने केवल 4 सीटें जीतीं जबकि जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और एनपीपी ने क्रमशः 7 और 5 सीटें जीतीं। इससे पहले 2014 के में हुए अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 42 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा केवल 11 सीटें जीतने में सफल रही। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) ने 5 सीटें जीतीं। लेकिन प्रदेश में राजनीतिक उठा-पटक के बाद जुलाई, 2016 में पेमा खांडू पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।

### अरुणाचल प्रदेश में भाजपा निर्विरोध हासिल की जीत

अरुणाचल प्रदेश में कोई बड़ी क्षेत्रीय राजनीतिक दल नहीं है। यहां पर भाजपा और कांग्रेस दो बड़े दल हैं और इन्हीं के बाच लड़ाई है। हालांकि, भाजपा ने राज्य की सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने केवल 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। भाजपा पहले ही बोमडिला, चौखम, हुलियांग, ईटानगर, मुक्तो, रोइंग, सागली, ताली, तालिहा और जीरो-हापोली सहित 10 सीटें बिना किसी प्रतियोगिता के जीत चुकी है।

### सिक्किमः बहुमत के साथ सीएम बने थे गोले

एसकेएम ने 2019 में 24 साल 5 महीने और 15 दिन पुरानी एसडीएफ के मुख्यमंत्री पवन चामलिंग को हराया था। इस तरह से एसकेएम के प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सरकार बनाई थी। 2019 सिक्किम विधानसभा चुनाव में, एसकेएम ने 17 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया और प्रेम सिंह मुख्यमंत्री बने। राज्य में मौजूदा एसडीएफ 15 सीटों पर सिमट गई थी। 2014 के सिक्किम विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने 22 सीटें जीतीं और पवन कुमार चामलिंग लगातार पांचवीं बार सीएम बने थे।

# एग्जिट पोल के रुझान आनंददायी : डॉ. यादव

## वीडी, शिवराज, नरोत्तम ने जताया 4 जून को 400 पार का पूरा भरोसा

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव 2024 के शनिवार को आए एग्जिट पोल को लेकर भाजपा नेताओं की बांछें खिल गई हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव ने इन पर संतोष प्रकट करते हुए कहा कि एग्जिट पोल के रुझान आनंददायी हैं। यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश और देश को बधाई देना चाहता हूं, खासकर आभार मानता हूं। यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जैसा कि हमारा अभियान चला था फिर एक बार मोदी सरकार, अभी तक जो रुझान आ रहे हैं। वो अपने आप में अत्यंत आनंददायी हैं।

सीएम ने कहा कि ऐसे नतीजे तो पूर्व प्रतिक्षित है, यद्यपि हम सब जानते हैं कि एक बार रिजल्ट आने के बाद इसका जो आनंद आता है, वो अलग बात है। चार तारीख को रिजल्ट भी आएगा, आज रुझान आए हैं। रुझान बता रहे हैं कि मध्य प्रदेश में 29 की 29 सीट, साथ ही देश भर में 370 से ऊपर सीटें आ रही हैं। ये यशस्वी प्रधानमंत्री की



नेतृत्व में जो कहा था, वो करके दिखा रहे हैं। मैं अपनी ओर से देश वासियों-प्रदेश वासियों का आभार मानता हूं, उम्मीद करता हूं आपका प्रेम बना रहेगा। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश फिर आगे बढ़ेगा।

एग्जिट पोल पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे जो देश के सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा मानता हूं कि जो परिणाम 4 जून को आएंगे, वह इस एग्जिट पोल से भी ज्यादा साकार रूप में दिखाई देंगे। इस बार 400 पार का नारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हो रहा है। इन आंकड़ों से दिखाई देता है कि प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता ने आशीर्वाद दिया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के अथक मेहनत और परिश्रम और गरीब कल्याण की नीति को देखते हुए भी जनता ने आशीर्वाद दिया है। हमारी ओर से प्रधानमंत्री जी को अग्रिम बधाई। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 29 की 29 सीटें जीत रही हैं, छिंदवाड़ा में भी कमल खिल रहा है। एग्जिट पोल में 61% प्रतिशत वोट शेयर दिखाया जा रहा है, लेकिन मैं ये मानता हूं कि चार जून के परिणाम के बाद यह 65% प्रतिशत तक पहुंचाया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि चार जून को भारतीय जनता पार्टी 370 और एनडीए के साथ 400 पार जाएगी और यह मैं नहीं बल्कि देश की जनता कह रही है। देश की जनता का प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति जो विश्वास है वो अद्भुत और अभूतपूर्व है।

# दिल्ली में नीतीशु कुमार भाजपा के नेतृत्व से करेंगे मुलाकात

**पटना**

एक जून को आए एग्जिट पोल के आंकड़ों के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंच गए हैं। वह दिल्ली में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगे। वह शीर्ष नेतृत्व से जदयू को मिलने वाले मंत्रालयों पर भी बात कर सकते हैं। सातवें चरण के मतदान होने के बाद 1 जून को एग्जिट पोल के आंकड़े देश के सामने आए। उसमें अनुमान लगाया गया कि भाजपा भारी बहुमत से देश में तीसरी बार सरकार बना रही है। जदयू नेताओं



से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दिल्ली यात्रा पर बात की तो उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की दिल्ली यात्रा पहले से ही तय थी। इस बारे में कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार भाजपा से बात कर जदयू कोटे के मंत्री पद को फिक्स कर सकते हैं। एनडीए की सरकार बनने पर क्या बोले नीतीश

दिल्ली एयरपोर्ट पर नीतीश कुमार से पत्रकारों ने एग्जिट पोल पर सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल ने वहीं दिखाया है, जो जमीन पर चल रहा था। एनडीए की सरकार फिर से बन रही है। एग्जिट पोल ने अनुमान लगाया है कि बिहार में एनडीए को सीटों का नुकसान होने वाला है। एनडीए को 30 से 35 सीटें मिल सकती हैं। जदयू एनडीए की कमजोर कड़ी साबित हो रही है, लेकिन फिर भी एनडीए अच्छा प्रदर्शन कर रही है। महागठबंधन को 10-5 सीटें मिल सकती हैं।

# अधीर रंजन चौधरी बोले- कुछ भी हो सकता है, मैं ज्योतिषी नहीं हूं

**मुर्शिदाबाद।** 1 जून को जारी हुए एग्जिट पोल के बाद से कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के सुर बदल गए हैं। कांग्रेस को अब 4 जून को किसी चमत्कार का इंतजार है। बंगाल राज्य कांग्रेस प्रमुख और सांसद अधीर रंजन चौधरी से एग्जिट पोल पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि कुछ भी हो सकता है, मैं ज्योतिषी नहीं हूं।

बंगाल राज्य कांग्रेस प्रमुख और सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि कुछ भी हो सकता है, मैं ज्योतिषी नहीं हूं।

# कांग्रेस ने कहा-यह एग्जिट पोल झूठे

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल में तीसरी बार भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनने का अनुमान है। एग्जिट पोल के आंकड़ों को इंडिया ब्लॉक के नेता न मानने से इनकार कर दिया है। कांग्रेस ने एग्जिट पोल के नतीजों को एक मनोवैज्ञानिक खेल बताया। इन्हीं सब को लेकर विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने आज एक बैठक की। बैठक के तुरंत बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने इस दौरान सिद्धू मूसेवाला के एक गाने की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि यह मोदी



मीडिया पोल है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों, कांग्रेस विधायक दल के नेताओं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों के साथ बैठक की।

बैठक में कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ये एग्जिट पोल झूठे हैं। इंडिया गठबंधन को 295 सीटों से कम सीटें नहीं मिलने जा रही हैं। ये एग्जिट पोल फर्जी हैं क्योंकि पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मनोवैज्ञानिक खेल खेल रहे हैं। वे विपक्षी दलों, चुनाव आयोग, मतगणना एजेंटों, रिटर्निंग अधिकारियों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं और ऐसा माहौल बना रहे हैं कि वे वापस आ रहे हैं लेकिन वास्तविकता पूरी तरह से अलग है।

राहुल गांधी ने पत्रकारों से कहा, यह एग्जिट पोल नहीं है। यह मोदी मीडिया पोल है।

# बारातियों की ट्रैक्टर-ट्राली पलटी, 25 घायल

**राजगढ़।** राजस्थान से बारात लेकर राजगढ़ जिले के कुलामपुरा गांव आ रहे बारातियों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पिपलोदी के समीप पलट गई। इस हादसे में 20-25 लोगों के दबने की आशंका है। घटना की जानकारी लगने के साथ एबुलेंस व आसपास के थानों से पुलिस बल को रवाना किया गया है। जानकारी के मुताबिक राजस्थान के छीपाबडोद थाने के गांव मोतीपुरा से राजगढ़ जिले के देहरीनाथ ग्राम पंचायत के गांव कुलमपुरा में बारात लेकर ट्रैक्टर-ट्राली राजगढ़ की और आ रहे थे।

# ममता ने आंकड़ों को बताया फर्जी, कहा-कार्यकर्ता रहें मजबूत



**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एक्जिट पोल के आंकड़ों पर विश्वास करने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के बारे में दिखाए आंकड़े फर्जी हैं। कार्यकर्ता जमीन पर मजबूती से टिके रहें। लोकसभा चुनाव को लेकर जारी हुए एक्जिट पोल का अनुमान है कि भाजपा 2019 से भी बेहतर प्रदर्शन बंगाल में करेगी। भाजपा की आंधी में टीएमसी, कांग्रेस व लेफ्ट उड़ जाएंगी। ममता बनर्जी ने एग्जिट पोल के आंकड़ों को फर्जी बताते हुए हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता बिल्कुल भी न घबराएं। वह मजबूती से जमीन पर डटे रहें। टीएमसी का आधार पश्चिम बंगाल में बहुत मजबूत हैं और हम एग्जिट पोल पर दिखाई गई सीटों से दोगुनी सीट जीतने वाले हैं।

# सरेंडर से पहले भावुक दिखे केजरीवाल

## बच्चों को लगाया गले, मां-पिता का लिया आशीर्वाद...

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने पर उन्होंने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। जेल जाने से पहले उन्होंने अपने माता-पिता के पैर छुए, और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही अपने बच्चों को भी गले लगाया। इस दौरान वह भावुक नजर आए। आवास से निकलने के बाद वह अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पार्टी नेताओं के साथ राजघाट पहुंचकर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की समाधि



स्थल पर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ मौजूद अन्य आप नेताओं ने भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह पार्टी नेताओं के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए गए। यहां उन्होंने भक्ति-भाव से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। यहां वह दोनों हाथ जोड़े खड़े नजर आए। पूजा अर्चना करने के बाद वह डीडीयू मार्ग में आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में पहुंचे। यहां सड़क के आस-पास कार्यकर्ता उनका समर्थन करते दिखे। ऐसे में वह अपने आवास से निकलने बाद और तिहाड़ जेल पहुंचने तक अलग-अलग अंदाज में नजर आए। केजरीवाल ने आवास से निकलते ही गाड़ी के अंदर से हाथ हिलाकर बाहर खड़े अपने समर्थकों का अभिवादन किया।

# सीएम ने नमामि गंगे अभियान में सहभागिता का किया आव्हान

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण व संवर्धन के संबंध में जागरूकता के लिए 5 जून पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरा तक चलने वाले नमामि गंगे अभियान में प्रदेशवासियों से सक्रिय रूप से भाग लेने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि वृक्षों और जल से ही यह वसुधा समृद्ध है, यही जीवन का आधार है, अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जनभागीदारी से नदी, तालाब, कुंए, बावड़ी की साफ-सफाई कर, जनसामान्य में जल के प्रति चेतना बढ़ाने के लिए गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित की जाने वाली जल चेतना संबंधित गतिविधियों का हिस्सा बनें और जल पर केन्द्रित पर्वों से जुड़कर इनके पीछे छुपे रहस्यों को भी समझें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदेशवासियों से यह अपील की।

## झरोखा




# सोमवार से मिल सकती है लू से मुक्ति

## एमपी के 35 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

**भोपाल।** नौतपा में इस बार गर्मी के तेवर शुरुआत से ही काफी तीखे रहे। 27 मई को निवाड़ी का तापमान 48.7 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था। उत्तरी मध्य प्रदेश के कई शहर लगातार लू की चपेट में बने रहे। नौतपा के अंतिम दिन गर्मी के तेवर काफी हद तक नर्म पड़ गए। सिर्फ निवाड़ी एवं छतरपुर में लू का प्रभाव रहा। उधर, हवाओं के साथ नमी आने के कारण कई शहरों में बादल छाने के कारण भीषण गर्मी से निजात मिली। रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक सीधी में 18 एवं सतना में 11 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, अब मानसून पूर्व की गतिविधियों में और तेजी आने के आसार हैं। हवाओं के साथ नमी आने के कारण सोमवार को प्रदेश के अधिकतर शहरों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी प्रकाश ढवले ने बताया कि वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तराखंड के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है।

पाकिस्तान के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। दक्षिण-पूर्वी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात है। दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात है। इसके अतिरिक्त सौराष्ट्र पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात मौजूद है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि हवाओं का रुख पश्चिमी होने लगा है। राजस्थान एवं गुजरात में भी तपिश में कुछ कमी आने लगी है। इस वजह से मध्य प्रदेश में भी भीषण गर्मी से धीरे-धीरे निजात मिलने लगी है।

# विवाद उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों का हो समाधान : मंगुभाई

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यस्थता वह प्रक्रिया है, जिसमें हर कोई विजेता होता है क्योंकि मध्यस्थता में विवाद का निपटारा किसी आदेश के द्वारा नहीं होता है, व्यवस्थित चर्चा के द्वारा दो पक्ष समझौते पर पहुंचते है। मध्यस्थता सबके लिए किफायती, जल्द और उत्तरदायी न्याय का सुलभ, सुगम एवं प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा है कि विवाद को उत्पन्न करने वाली परिस्थितियों के समाधान के लिए समाज और सरकार को मिलकर कार्य करना होगा। समाज की विकृतियों को दूर करने के लिए चिंतन करना होगा। बेहतर समाज निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें आगे बढ़कर कार्य करना होगा। राज्यपाल श्री पटेल आज ई-मीडिएशन राईटिंग्स संस्था वर्षगांठ समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि विवादों की उत्पत्ति छोटी-छोटी बातों से होती है। बोलने और देखने के तरीकों को लेकर बड़े-बड़े विवाद हो जाते हैं। विवाद बढ़े नहीं, इसके लिए मन-मस्तिष्क की शांति जरूरी है। जरूरी है कि समाज में जागरूकता का ऐसा वातावरण हो, जिसमें सभी हितधारक मध्यस्थता के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और पहल का प्रदर्शन करें। युवाओं से अनुरोध किया कि वे जन-सामान्य की बोल-चाल की भाषाओं में मध्यस्थता के अवार्ड के न्यायालयीन महत्व के फ़ायदों को समझाने के लिए आगे आए। समर्थ जन गरीबों, वंचितों को सस्ती, सुलभ और तेज न्याय प्रक्रिया के लाभ दिलाने में मध्यस्थता के द्वारा सहयोग करे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा है मध्यस्थता के द्वारा विवादों के समाधान की व्यापकता के लिए जरूरी है कि सुशिक्षित और प्रशिक्षित मीडिएटर्स एवं मीडिएशन परिणामों की स्वीकार्यता का दायरा बढ़ाया जाये। परिचयात्मक पाठ्यक्रमों से लेकर मिड-कैरियर-प्रोफेशनल रिफ्रेशर कोर्स की सभी स्तरों पर सतत व्यवस्था हो । मध्यस्थता केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत कर, मध्यस्थता के द्वारा व्यापक आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए पक्के इरादों, सबके साथ और प्रयासों से पहल की जाए। उन्होंने ई-मीडिएशन राईटिंग्स संस्था से अपेक्षा की है कि जनजाति बहुल क्षेत्रों में विशेष ध्यान केन्द्रित करे। मध्यस्थता से सम्बंधित ई-प्रकाशन, नवाचार और ऑनलाईन मीडिएशन के द्वारा विवाद समाधान व्यवस्था को आर्थिक, सामाजिक रूप से वंचित समुदाय तक पहुँचाने में सहयोग करे।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस जे.के. महेश्वरी ने पारिवारिक विवादों में मध्यस्थ की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के उदाहरण देते हुए बताया कि विवाद को समाप्त करने के लिए मध्यस्थता की पहल भारतीय संस्कृति में आदिकाल से मौजूद है। मध्यस्थता से विवादों के समाधान के लिए समाज का पुनर्जागरण करना जरूरी है। उन्होंने रामचरित मानस, महाभारत के दृष्टांतों का उद्धरण देते हुए विवादों के समाधान में मध्यस्थ की भूमिका को रेखांकित किया। बताया कि तटस्थ भाव से मध्यस्थता की पहल से लम्बित पारिवारिक विवाद के आधे मामले समाप्त हो सकते हैं।

चेयरमैन आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल न्यायमूर्ति श्री राजेंद्र मेनन ने कहा कि मध्यस्थता समय की मांग है। मध्यस्थता से विवादों के समाधान का नया दौर शुरू होगा। न्यायिक प्रशिक्षण में मध्यस्थता की संकल्पना में परिवर्तन होगा। उन्होंने बताया कि विधि शिक्षा में अनिवार्य विषय के रूप में मध्यस्थता के पाठ्यक्रम का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यस्थता के संबंध में आर्म्ड फोर्सेज के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षित अधिकारियों का अनुभव है कि मध्यस्थता संबंधी प्रशिक्षण से उनकी सोच में काफी बदलाव आया है। विवाद के विषय कम हुए है ।

राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया एवं संस्था के कैलेंडर का लोकार्पण किया।

# मतगणना के संबंध में कलेक्टर ने की पत्रकारों से चर्चा

## कलेक्टर ने पत्रकारो से विभिन्न जानकारियों को किया साझा, मतगणना स्थल पर चौक चौबंद रहेगी सुरक्षा व्यवस्था



**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वर्ता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून को होने वाली मतगणना के तैयारियो के संबंध में पत्रकारों से चर्चा की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्थाओंए मीडिया कक्ष की व्यवस्थाओं, मतगणना प्रेक्षकों की जानकारी, मतगणना प्रारंभ होने का समय, विधान सभावार परिणामों की घोषणा, पार्किंग प्लान, एंट्री एक्जिट प्लान, सुरक्षा व्यवस्था, विधानसभावार मतगणना के राउंड, विधानसभावार गणना कक्षों, विधानसभावार परिचय पत्र,जैकेट की कलर कोडिंग आदि की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की और मतगणना प्रक्रिया के संबंध में पत्रकारो द्वारा पूछे गये विभिन्न जानकारियो को साझा किया। उन्होंने आश्वत किया कि मतगणना का कार्य पूरी निष्पक्षता से आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार सम्पन्न कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11 सीधी में आने वाले सिंगरौली जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना का कार्य 4 जून 2024 दिन मंगलवार को मतगणना स्थल शासकीय पालीटेक्निक कालेज पचौर बैढ़न में प्रातः 8 बजे से किया जायेगा।

**अलग-अलग बनाए गए हैं मतगणना कक्ष**

बताया गया कि तीनो विधानसभा के लिए अलग-अलग मतगणना कक्ष बनाए गए हैं । जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सिंगरौली जिले के पोस्टल बैलेट व ईटीपीबीएस की मतगणना सीधी में की जायेगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र चितरंगी की मतगणना 21 राउन्ड विधानसभा क्षेत्र सिंगरौली की मतगणना 19 तथा विधानसभा क्षेत्र देवसर की मतगणना 20 राउन्ड पूर्ण की जायेगी। तथा हर कमरो में तथा गलियारो में सीसीटीव्ही कैमरो के माध्यम से निरंतर निगरानी रखी जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता और एजेंट्स के मतगणना कक्ष में प्रवेश और बैठक व्यवस्था से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मीडिया कर्मियो के लिए अलग से कंक्ष बनाया गया है जहा पे मतगणना से संबंधित जानकारिया प्रत्येक राउन्ड की प्राप्त होती रहेगी।

**मतगणना स्थल पर चुस्त-दुरूस्त रहेगी सुरक्षा व्यवस्था**

पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के द्वारा मतगणना स्थल पर की गई सुरक्षा व्यवथा के संबंध में अवगत कराते हुये कहा कि मतगणना स्थल पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किये गये है। पत्रकार वर्ता के दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

# नौतपा के आखिरी दिन मौसम ने बदला मिजाज आंधी-बारिश के बाद 20 मिनट हुई तेज बारिश

## तेज तूफान से बिलौजी में घर की दीवाल और सरई में रोड़ में लगा साइन बोर्ड गिरा



**सिंगरौली।** नौतपा में जिले में बीते कल से सूरज के पीछे तेबर नरम हुए लेकिन आज सुबह से तेज गर्मी के बीच दिन की शुरुआत हुई। दोपहर बाद करीब 3.30 बजे आसमान में काले बादल छा गए। देखते ही देखते तेज तूफान चलने के बाद 20 मिनट तक झमाझम बारिश हुई। तेज आंधी तूफान में बिलौजी की एक घर की दीवाल का ऊपरी हिस्सा ढह गया वहीं सरई इलाके मैं सड़क के बीचो लगा साइन बोर्ड गिर गया। हालांकि इन दोनों घटनाओं में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। बता दें कि आज रविवार 2 जून को नौतपा का आखिरी दिन था। नौतपा के आखिरी दिन बैढ़न,सरई, देवसर और चितरंगी में मौसम का रंग बदल गया। जिले भर में हवा और आंधी के साथ बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली तेज आंधी तूफान में बिलौजी की एक घर की दीवाल का ऊपरी हिस्सा ढह गया वहीं सरई इलाके मैं सड़क के बीचो लगा साइन बोर्ड गिर गया। हालांकि इन दोनों घटनाओं में कोई जान माल का नुकसान नहीं हुआ। नौतपे के आठ दिन गर्मी का कहर देखने को मिला। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं से सभी हलकान रहे। हालांकि नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जिले में कई जगह हल्कि बारिश हुई जिसके बाद तापमान में कमी आई। शाम होते ही ठंडी हवाएं चलने से लोगों को गर्मी से निजात मिली।

# अमृतम जलम अभियान का निगम आयुक्त ने किया आगाज

**सिंगरौली।** निगम आयुक्त द्वारा वार्ड 30 की ऑफीसर कॉलोनी में नाली की साफ-सफाई से संबंधित कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद आयुक्त तलाई बस्ती पहुंचकरए उसे क्षेत्र की साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था देखी। इसके बाद निगम आयुक्त अमृतम जल योजना कार्यक्रम के अंतर्गत नौगढ़ में कंचन नदी पर पूरे निगम अमले के साथ पहुंचे। जहां निगम के सभी कर्मचारी व अधिकारियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान किया। इसमें जलाश्रय और उसके आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई के साथ अनावश्यक रूप से उगी घास की कटाई कराई गई। साथ ही मौके पर कचरा को भी उठवाया गया। साथ ही स्वच्छता टीम को निर्देश दिए कि ऐसी जल संरक्षण वाली जितनी भी जगह हैं उनको चिन्हित कर आगामी 5 जून से 16 जून तक उनके संरक्षण के लिए निगम द्वारा कार्य किया जाएगा। निगम आयुक्त ने जल का महत्व बताते हुए कहा कि इस दुनिया की सबसे कीमती वस्तु हुआ पानी है। हमें खुद पानी की कीमत समझनी होगी और अन्य लोगों को भी समझनी होगी तभी हम जल संरक्षण के क्षेत्र में एक बेहतरीन काम कर पाएंगे। कार्यक्रम के दौरान निगम उपायुक्त आरपी वैश्य, रविन्द्र सिंह, पीके सिंह, डीके सिंह,आशीष शुक्ला सहित निगम की पूरी टीम उपस्थित रही।

# पुलिस परिवार ने माड़ा ईक्को पार्क में उठाया आनंद

## समर कैंप की लगातार जारी हैं विभिन्न गतिविधियां

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय की मंशानुसार 18 मई को पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता व एएसपी शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान व सूबेदार आशीष तिवारी द्वारा जिला पुलिस बल सिंगरौली पुलिस परिवार के सदस्यों एवं बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन समर कैंप की शुरुआत की गई। समर कैंप की शुरुआत से ही पुलिस परिवार के सदस्यों की विशेष रुचि देखने को मिली। समर कैंप में हिस्सा लेने के लिए दिन प्रतिदिन महिलाओं एवं बच्चों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है एवं पुलिस परिवार के सदस्य इस कैंप में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। जिला मुख्यालय



बैढ़न से 35 किलोमीटर दूर थाना माड़ा अंतर्गत इस क्षेत्र में चर्चित इको पार्क, जो इस जिले की पहचान है। जहां कई कुदरती नजारे देखने को मिलते हैं। इसके अलावा बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में पुलिस परिवार के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक कलात्मक चित्र कला का प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इको पार्क माड़ा में पुलिस परिवार के लगभग 200 सदस्यों को पुलिस वाहन बस से समर कैंप के आयोजन हेतु ले जाया गया। जहां बच्चों एवं महिलाओं ने इको पार्क में उपलब्ध विभिन्न गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया। पुलिस परिवार के लोगों ने वोट पॉइंट, मंकी रोप, वाल्क रोप, हिल व झूले का भरपूर आनंद लिया। पुलिस परिवार के सदस्यों के लिए इको पार्क माड़ा में ही प्रातः कालीन नाश्ते एवं दोपहर के भोजन का प्रबंध किया गया था। जिसका सभी ने भरपूर आनंद उठाया।

# 700 ग्राम गांजा के साथ तस्कर धराया

## जयंत चौकी पुलिस ने की कार्यवाही



**सिंगरौली।** जयंत चौकी पुलिस ने 700 ग्राम गांजा के साथ तस्कर को पकड़ा है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन,विंध्यनगर थाना प्रभारी शिवपूजन मिश्रा के मार्गदर्शन में जयंत चौकी प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने की है। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी जयंत को सूचना मिली की सरसवाह गांव का एक व्यक्ति घूमकर गांजे की छोटी-छोटी पुडिया बनाकर गांजा बेच रहा है। मुखबिर की सटिक सूचना पर सउनि रवि गोस्वामी के नेतृत्व में एक टीम सरसवाह गांव रवाना हुई। जहां घेराबंदी करते हुए गांजा तस्कर को पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम आशीष कुशवाहा पिता बबलू कुशवाहा निवासी सरसवाह बताया। जिसके पास तलाशी लेने पर एक झोले मे छोटी-छोटी पुड़िया कुल 700 ग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने गांजा तस्कर के खिलाफ 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी जयंत सुरेन्द्र यादव,सउनि रवि गोस्वामी,राजवर्धन सिंह,प्रआर बीरेन्द्र पटेल, संजय सिंह परिहार, विष्णु रावत, आर.महेश पटेल, अशोक यादव,दीपक यादव, व सुरेन्द्र यादव की भूमिका रही।

# हिंडालको महान ने विश्व दूध दिवस पर मिलावटी व नकली दूध पर आयोजित की कार्यशाला

## नकली दूध का धंधा करने वालो पर कार्यवाही करने लोगो ने उठाई आवाज

**सिंगरौली।** हिंडालको महान के सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित की गई विश्व दुग्ध दिवस पर कार्यशाला में लोगों को दूध के महत्व को समझाया गया एऔर उन्हें नकली और मिलावटी दूध की पहचान करने के लिए जांच की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सीएसआर विभाग से बीरेंद्र पाण्डेय व हिंडालको महान के स्मेल्टर लैब के रसायन विद कैमिस्ट जयप्रकाश शुक्ला ने दूथ को धरती का अमृत बताते हुए उसका जीवन मे महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही नकली व मिलावती दूध




के विभिन्न जांच के तरीके सिखाए। उन्होंने ग्रामीणों को दूध के महत्व पर जागरूक किया और बताया कि दूध मानव जीवन में कितना महत्वपूर्ण है,विशेष रूप से नवजात शिशुओं के लिए। साथ ही दूध अनेक रोगों में पोषण प्रदान करता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। नकली दूध की पहचान के लिए कुछ सरल तरीके भी बताए गएए जैसे कि आयोडीन और हल्दी परीक्षण। इसके अलावाए दूध को उबालकर, फोम बनाकर और बर्फ के साथ परीक्षण करके भी नकली दूध की पहचान की जा सकती है। इस कार्यशाला का उद्देश्य यह है कि लोगों को शिक्षित और जागरूक बनाकर नकली दूध के ब्यापार को रोका जाए ताकि स्वास्थ्य की देखभाल की जा सके। कार्यशाला में जागरूकता कार्यक्रम के अंत मे लोगो ने नकली व मिलावटी दूध का ब्यापार करने वालो पर कड़ी कार्यवाही करने की ग्रामीणों ने अपील भी की। कार्यशाला के इस सफल संचालन में सीएसआर विभाग से प्रभाकर बैश्य, संजीव बैश्य का विशेष योगदान रहा।

# अवैध रेत व गिट्टी के परिवहन में लगे चार वाहन जब्त

**सिंगरौली।** कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं एएसपी एसके वर्मा के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी ए.के.राय के मार्गदर्शन में खनिज विभाग के सहायक खनिज अधिकारी कपिलमुनी शुक्ला,डॉ.विद्याकांत तिवारी, खनिज सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह द्वारा विभागीय अमले को लेकर खनिजो की अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए जांच के दौरान गाम करामी में दो ट्रैक्टर टाली को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जब्त करते हुए माड़ा थाना में खड़ा कराया गया। साथ ही ग्राम गड़ेरिसा में एक डम्फर को खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने पर बरगवां थाने में खड़ा कराया गया। वहीं सितुलखुर्द में एक ट्रैक्टर को रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर खुटार चौकी में खड़ा कराया गया। खनिज विभाग ने कुल चार वाहनों एवं मालिको व चालको के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए मप्र खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को मारी जोरदार टक्कर ,बाइक चालक घायल

## बरका चौकी क्षेत्र की घटना, मौके पर पहुंची पुलिस

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के बरका चौकी अंतर्गत गन्नई के जंगल में रविवार की दोपहर सरई से झुरही की ओर जा रही पिकअप वाहन ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जहां इस घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घटना के बाद पिकअप वाहन चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त करते हुए घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई उपचार के लिए भिजवाया है। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार बृजेश प्रजापति उम्र 22 निवासी गन्नई अपने बाइक में सवार होकर कहीं जा रहा था। जैसे ही गन्नई के जंगल में पहुंचा तो सरई से झुरही की ओर जा रही पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जहां इस घटना में बृजेश प्रजापति गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगो ने इसकी जानकारी बरका चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त करते हुए घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सरई भिजवा दिया है। इधर पुलिस पिकअप वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए पता तलाश में जुट गई है।

# विंध्यनगर अरविंद रेफ्रिजरेशन फर्म के गोदाम में लगी भीषण आग

## आधा दर्जन दमकल वाहनो ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू



**सिंगरौली।** विंध्यनगर थाना अंतर्गत बैढ़न विंध्यनगर मेन रोड वी-मार्ट शॉपिंग मॉल के बगल में नवजीवन बिहार स्थित अरविंद रेफ्रिजरेशन हिन्दवेयर स्मार्ट के गोदाम में शुक्रवार शाम भीषण आग लग गई। जहां रखे सैकड़ो से अधिक रेफ्रिजरेशनो में आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। वही आग लगने की वजह शार्ट सर्किट होने की संभावना जतायी जा रही है। जानकारी लगते ही मौके पर नगर निगम की दो दमकल वाहन्र एनसीएल जयंत की दो दमकल वाहन्र एनटीपीसी विंध्यनगर की एक दमकल वाहन और अन्य दमकल वाहनो द्वारा घंटो की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वही बढ़े आश्चर्य की बात यह है कि दो घंटे बाद भी उसी बिल्डिंग में इसी फर्म का कर्मचारी छत के ऊपर वाले कमरे में मोबाइल साइलेंट करके सो रहा था। तभी एक साथी ने बताया कि ऊपर के कमरे में सतीश बावरी नामक व्यक्ति सो रहा है। मोबाइल नहीं उठा रहा है। जिसकी जानकारी लगते ही गैस सिलेंडर के साथ उसको सीढ़ी के सहारे पुलिस एवं एनटीपीसी के जवानो ने नीचे उतारा जो सुरक्षित है। वहीं घटनास्थल पर उपस्थित सिंगरौली एसडीएम सृजन वर्मा, नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, तहसीलदार रमेश कोल, नगर निगम कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, विंध्यनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा, एनटीपीसी के फायर जवान, विंध्यनगर पुलिस, नगर निगम के अधिकारी व दमकल कर्मचारी मुस्तैद दिखे।

# रेत के अवैध कारोबार पर पुलिस चुप

## खुलेआम गनियारी और बलियरी से हो रही अवैध रेत की चोरी

**सिंगरौली।** पिछले दिनों कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने बलियरी से करीब लाखों रुपए का अवैध रेत जप्त किया था। लेकिन कार्रवाई होने के बाद रेत कारोबारी ने दूसरे दिन से रिहंद नदी से रेत का अवैध खनन और परिवहन शुरू कर दिया। रेत के अवैध खनन और परिवहन पर पुलिस चुप है। शाम होते ही नदियों से रेत लदे ट्रैक्टरों की लाइन लग जाती है। जबकि रिहंद नदी से जहां रेट निकल जा रही है वहां प्रतिबंध है। बावजूद इसके ट्रैक्टर ट्रालियों में अवैध रेत का परिवहन जारी है। पिछले दिनों वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद अनिल कुमार वैष्य पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता से लिखित शिकायत किया था कि बलियरी से रेत की अवैध चोरी लगातार हो रही है। रेत की अवैध चोरी भी



नाबालिक बच्चों के द्वारा कराई जा रही है। लेकिन शिकायत के बाद भी बलियारी इलाके से करीब तीन दर्जन ट्रैक्टर ट्रालियों से रेत का अवैध परिवहन करते हैं। यह सब कोतवाली क्षेत्र में वीट प्रभारियों के देखरेख में किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि कोतवाली क्षेत्र में करीब आधा सैकड़ा ट्रैक्टर रेत के अवैध परिवहन में लगे हैं। पुलिस प्रति ट्रैक्टर प्रतिदिन के हिसाब से 5000 रुपए सुविधा शुल्क लेकर रेत कारोबारी को खुली छूट दे रखी है।

**कोतवाली क्षेत्र में अवैध रेत का गोरखधंधा**

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रिहंद नदी से रेत निकालने पर जहां प्रतिबंध लगा है,वहां से स्थानीय रेत के कारोबारी रेत का गोरख धंधा कर रहे हैं। इतने बड़े पैमाने पर रेत का अवैध कारोबार पुलिस के सामने चल रहा है। यह बड़ी सांठगांठ का नतीजा ही है। रेत का अवैध कारोबार इस कदर हाबी है कि रेत ठेकेदार सहकार ग्लोबल भी परेशान हो चुका है। स्थानीय अवैध कारोबारी पुलिस और राजनीतिक संरक्षण लेकर ठेकेदार के विजिलेंस टीम और दफ्तर में हमला करने से भी गुरेज नहीं करते।

**बीट प्रभारी होने के बाद कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही**

माइनिंग विभाग ने अभी बलियारी में लाखों रुपए का अवैध रेत जप्त किया है। सवाल यह है कि जब रेत माफिया अवैध रेत स्टॉक कर रहे थे, उस समय कोतवाली क्षेत्र का बीट प्रभारी क्या कर रहा था। बीट प्रभारी को जानकारी क्यों नहीं हुई। क्या वह अपने बीट पर गस्त नहीं करता था या फिर कुछ और। इसीलिए उसने किसी भी तरह की आपत्ति नहीं दर्ज की। बिना पुलिस के सहयोग के लाखों रुपए की रेत एक दिन में तो स्टॉक करना मुश्किल है। वरिष्ठ अफसर बैठकों में समीक्षा कर लेते हैं और मैदान में यह हाल बना हुआ है।

# मीडिया कर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल की रहेगी अनुमति

## मतगणना के संबंध में पत्रकार वार्ता का किया गया आयोजन

**सीधी।** कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा दिनांक 04.06.2024 को 11-सीधी संसदीय क्षेत्र लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मतगणना स्थल संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी में की गई तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी पत्रकार वार्ता में साक्षा की गई। स्ट्रांग रूम दिनांक 04.06.2024 को सुबह 7 बजे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अभ्यर्थियों/निर्वाचन अभिकर्ताओं के उपस्थिति में खोला जायेगा। सुबह 8 बजे डॉक मतपत्र एवं ई.टी.पी.बी.एस. की मतगणना तथा 8.30 बजे से ई.व्ही.एम. की मतगणना प्रारंभ की जायेगी। मतगणना अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओ, मीडियाकर्मियों के प्रवेश हेतु प्रवेश द्वारा क्रमांक 01 से किया जायेगा तथा मतगणना अभिकर्ता को प्रवेश द्वारा क्रमांक 02 से जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी अधिकृत फोटोयुक्त प्रवेश पासध्परिचय पत्र के आधार पर ही प्रवेश की अनुमति होगी। प्रवेश हेतु फ्लैक्स के माध्यम से निर्धारित रास्तों का चिन्हाकन दर्शित रहेगा। पुलिस अधीक्षक सीधी के नियंत्रण एवं निर्देशन में पर्यास संख्या में सुरक्षा दल की व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल पर मोबाईल फोन एवं अन्य प्रतिबंधात्मक सामग्री के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा। मीडिया कर्मियों को मीडिया सेंटर तक मोबाइल की अनुमति रहेगी।



उन्होने बताया कि मतगणना हेतु विधानसभावार व्यवस्था की गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट के लिए कक्ष क्रमांक 7 एवं 8 में 8-8 टेबिल लगाई गई है। इसी प्रकार 77-सीधी के लिए कक्ष क्रमांक 5 एवं 6 में 8-8 टेबिल, 78-सिहावल के लिए कक्ष क्रमांक 3 में 8 टेबिल ईव्हीएम हेतु एवं 4 टेबिल ईटीपीबीएस एवं पीबी आरओ रूम तथा कक्ष क्रमांक 4 में 8 टेबिल तथा 82-धौहनी के लिए कक्ष क्रमांक 1 में 9 टेबिल ईव्हीएम हेतु एवं 4 टेबिल ईटीपीबीएस एवं पीबी हेतु तथा कक्ष क्रमांक 22 में 7 टेबिल ईव्हीएम मतगणना की लगाई गई है।

विधानसभावार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ई.व्ही.एम. के परिवहन हेतु पृथक-पृथक गैलरी निर्धारित की गई हैं जिसे फ्लैक्स के माध्यम से इंगित किया गया है। इसी प्रकार समस्त 8 मतगणना कमरों में वीडियोग्राफर के साथ-साथ सी.सी.टी.व्ही. के द्वारा ई.व्ही.एम. के मूवमेंट के निगरानी की व्यवस्था है जो उक्त कमरों में एल.ई.डी.टीव्ही. के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। इसके अलावा गैलरी, आंगन, भवन के चारों तरफ सीसीटीव्ही कैमरों के माध्यम से निगरानी की जायेगी।

गर्मी के दृष्टिगत मतगणना स्थल के प्रवेश द्वारा क्रमांक 1 एवं 02 के पास ही 01-01 चिकित्सकों की टीम के साथ एम्बुलेंस वाहन की व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधायें भी आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध रहेगी। ग्रीष्म काल को देखते हुये मतगणना स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल निगम एवं नगर पालिका परिषद सीधी को संयुक्त रूप से दायित्व सौपा गया है। प्रत्येक मतगणना कक्ष में 02-02 कर्मचारियों की पेयजल की उपलब्धता के लिये ड्यूटी लगाई गई है।

संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय के परिसर में मीडियाकर्मियों/रिजर्व दल के लिये अलग-अलग बैठक व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। वर्तमान समय के मौसम को देखते हुये प्रत्येक मतगणना कक्ष में 02-02 बड़े कुलर की व्यवस्था, गणना एजेन्टों एवं कर्मचारियों के लिये प्रवेश द्वार क्रमांक 02 के पास महिला एवं पुरूष के लिये पृथक-पृथक प्रसाधन की व्यवस्था रहेगी।

अभ्यर्थियों /निर्वाचन अभिकर्ता/ अधिकारियों के बैठक व्यवस्था मतगणना भवन के अन्दर वाले आंगन में की गई है जिसमें एल.ई.डी.टीव्ही. के माध्यम से समाचार एवं ईव्हीएम के मूवमेट प्रदर्शित किया जायेगा। मतगणना की कार्यवाही प्रेक्षक एवं रिटर्निंग ऑफिसर के नियंत्रण में रहेगी।

वार्ता में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, जिला जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मिश्रा सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# निर्बाध दूरसंचार सेवाएं उपलब्ध कराने निर्देश जारी

## सड़क मार्ग में खुदाई, निर्माण, अनुरक्षण से संबन्धित सभी कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया

**सीधी।** आगामी 04 जून 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना का कार्य सुनिश्चित है, जिसके लिए बीएसएनएल द्वारा विभिन्न दूरसंचार सेवाएँ सीधी बीएसएनएल के द्वारा उपलब्ध कराया जाना है। दूरसंचार सेवाओं की निरंतर उपलब्धता के लिए यह आवश्यक है कि दूरसंचार लाइन के मार्ग में कहीं भी खुदाई इत्यादि का कार्य उक्त अवधि में न हो जिससे मतगणना कार्य के दौरान दूरसंचार सेवाएं सुचारू रूप से कार्यरत रहें।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग सीधी ,कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सीधी, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त जनपद पंचायत जिला सीधी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी समस्त नगर पालिका/नगर पंचायत जिला सीधी, महाप्रबंधक एमपीआरडीसी संभाग सीधी/रीवा, क्षेत्रीय प्रबंधक एनएचआई सीधी/रीवा एवं समस्त निर्माण एजेंसी जिला सीधी को निर्देशित किया है कि उपरोक्त के संबंध में दिनांक 03.06.2024 से 05.06.2024 तक सीधी जिला अंतर्गत सीधी-चुरहट-रामपुर नैकिन बघवार रीवा, सीधी मझौली- व्योहारी-शहडोल, सीधी- देवसर-वैढ़न- सरई - निगरी सड़क मार्ग में खुदाई/निर्माण/अनुरक्षण इत्यादि से संबन्धित सभी कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाता है ताकि लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना कार्य के दौरान संचार सुविधाओं को सुचारु एवं निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके।

# मतगणना स्थल के 200 मीटर परिधि में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

## सभा, रैली, जुलूस आदि पर रहेगा प्रतिबंध

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन वर्ष 2024 के लिये मतों की गणना दिनांक 04.06.2024 को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) में प्रात: 08 बजे से किया जाना निर्धारित है। मतगणना कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्बाध रूप से सम्पन्न कराये जाने की दृष्टि से मतगणना स्थल एवं मतगणना स्थल परिसर में शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के उद्देश्य से दिनांक 03.06.2024 की रात्रि 08 बजे से दिनांक 04.06.2024 को मतगणना कार्य पूर्ण होने अर्थात निर्वाचन परिणाम घोषित होने तक प्रतिबंधित किया जाना आपेक्षित है।

आकस्मिक परिस्थितियों एवं अप्रिय परिस्थितियों के निवारण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 (1) में प्रदत्त शक्तियों के तहत कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने प्रतिबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार मतगणना स्थल शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) के 200 मीटर की दूरी तक दिनांक 03.06.2024 की रात्रि 08 बजे से दिनांक 04.06.2024 को मतगणना कार्य पूर्ण होने तक की अवधि में किसी भी प्रकार की सभाएं करना, रैली निकालना, जुलूस निकालना, लाउड स्पीकर का उपयोग करना, अधिकतम 05 व्यक्ति से अधिक एकत्रित होना, एक साथ चलना प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन परिणाम घोषणा पश्चात मतगणना स्थल को छोड़कर विजय अभ्यर्थी द्वारा सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त कर जूलूस निकालने में प्रतिबंध लागू नहीं होगा। उपरोक्त आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय दण्ड संहिता, की धारा 188 अन्तर्गत कार्यवाही किया जावेगा।

# नोडल अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

## आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें : रिटर्निंग ऑफीसर सोमवंशी

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के जिले की चार विधानसभा क्षेत्रों 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल एवं 82-धौहनी की मतगणना दिनांक 04.06.2024 को संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी में की जावेगी। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर 11-सीधी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा मतगणना की तैयारियों के संबंध में नोडल अधिकारियों से विस्तृत समीक्षा की गई।



उन्होने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करते हुए मतगणना का कार्य सम्पादित किया जाए। पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराएं। शांतिपूर्ण मतगणना को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पेयजल तथा सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मतगणना स्थल की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। चिकित्सा व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है। सतत रूप से जानकारी के आदान प्रदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंगरौली चंद्रशेखर शुक्ला तथा सहायक रिटर्निंग ऑफीसर से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर सीधी प्रिया पाठक, सिहावल प्रशान्त त्रिपाठी, धौहनी आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी, एसडीओपी गायत्री तिवारी, मास्टर टेऊनर डॉ अरविन्द त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सहायक रिटर्निंग ऑफीसर देवसर, चितरंगी, सिंगरौली एवं ब्यौहारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# रैंक लाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है मानवता : सृष्टि वर्मा

**सीधी।** इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में लगातार दिखाई जाती है। बच्चों के उत्साह को देखते हुए और साथ युवाओं की सहभागिता रहती है। इस रविवार भारतीय हिन्दी भाषा की मशहूर फिल्म ऑल इंडिया रैंक का प्रदर्शन किया गया। साल 1997 में सेट यह फिल्म 17 साल के एक ऐसे लड़के विवके सिंह की कहानी है, जो ना चाहते हुए भी अपने बिजली विभाग में कार्यरत पिता आर के सिंह के दबाव में आईआईटी की तैयारी करने को मजबूर है। लखनऊ का विवके अपने स्कूल का टॉपर रहा है, वह आगे भी वहीं यूनिवर्सिटी से पढ़ना चाहता है, पर उसके पिता को लगता है कि असल इज्जत तो सिर्फ आईआईटी वाले बच्चों की होती है। वह किसी भी हाल में विवके को आईआईटी - जेईई करवाने पर तुले होते हैं। इसलिए, विवके मुंह लटकाकर बेमन से लखनऊ छोड़ आईआईटी कोचिंग के महाकुंभ कोटा पहुंच जाता है। वरूण ग्रोवर ने खुद बीएसयू से आईआईटी की है और फिल्म में उन्होंने आत्मकथात्मक अनुभवों को पिरोया है। इससे कई वाकये रिलेटेबल लगते हैं। जैसे मोबाइल क्रांति से पहले वाले उस दौर में सेकंड देखकर पीसीओ पर बात करना कि 40 सेकंड हो गए, अब फोन रखो। वो दोस्त, जो दोस्तों से कहे कि मैं तो पढ़ता ही नहीं हूं और चोरी-छिपे तैयारी करके बाजी मार जाए। वरूण नब्बे के दौर का नॉस्ट्रैल्जिया क्रिएट करने में कामयाब रहे हैं। फिल्म समाप्त के दौरान बच्चो ने खड़े होकर तालीया बाजाई और परिचर्चा के दौरान सृष्टि वर्मा ने बमताया रैंक लाने से ज्यादा महत्वपूर्ण है मानवता, सूर्य प्रकश जी ने कहा माता - पिता के संघर्ष को समझे बच्चे और नीरज कुंदेर जी ने कहा आल इंण्डिया रैंक में दिखा आई आई टी का संघर्ष।



# नियम विरूद्ध बनाये गये ब्रेकर से आये दिन हो रही दुर्घटनाएं

**अरविंद वेदाती, सीधी।** स्मार्ट सिटी के तर्ज पर जमोड़ी तोरण द्वार से पडायनिया तोड़न द्वार के मध्य रोड का निर्माण प्रतिष्ठित संविदाकार द्वारा कराया गया। सड़क के बीचो-बीच ब्रेकर का निर्माण कराया गया है जो संभावित नियम विरुद्ध हैं ये ब्रेकर दूर से बिल्कुल भी दिखाई नहीं देते जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। आए दिन चाहे टू व्हीलर हो या फोर व्हीलर ऐसा कोई भी दिन खाली नहीं जाता जिस दिन इन ब्रेकर के वजह से एक्सीडेंट ना हो खास तौर पर संजय गांधी कॉलेज और कन्या कॉलेज के मध्यजो भी ब्रेकर है बिल्कुल देखने पर भी नहीं दिखते और इसी बीच सब्जी की दुकान व एमपी ऑनलाइन की कई गोमतीयां रोड के किनारे संचालित हैं और रोड में पब्लिक खड़ी होकर सब्जी की खरीदी हो या ऑनलाइन का कोई कॉलेज का काम करवा रही है अब अगर एक्सीडेंट होता है तो इसका जवाबदार कौन हो पूरा दिन का आवा गवन इसी रोड से है चाहे शासन प्रशासन के कर्मचारी हो या राजनीतिक दाल चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सांसद हो या विधायक नगर पालिका अध्यक्ष हो या पार्षद सब देख कर भी हो अनदेखा कर रहे हैं एमपी ऑनलाइन की गोमतीयों को रोड से उठाकर कहीं अन्यत्र व्यवस्था किया जाए दिनों दिन बढ़ते ही जा रहे हैं इन बने हुए ब्रेकर में सफेद पेट की पुताई व यातायात केप्रतीक चिन्ह स्थापित हो जाए शासन प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया गया है।

# मतगणना स्थल पर कानून व्यवस्था बनाए रखने कार्यपालिक दण्डाधिकारी की ड्यूटी लगाई गई

**सीधी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा घोषित/अधिसूचित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन वर्ष 2024 की मतों की गणना दिनांक 04.06.2024 को शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी (पुराना भवन) में सम्पन्न होगी। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर मतगणना स्थल पर दिनांक 04.06.2024 को प्रात: 06 बजे से कार्य समाप्ति तक के लिए कानून-व्यवस्था बनाएं रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में लगाई गई है। जारी आदेशानुसार मतगणना स्थल गेट क्रमांक 01 एस.पी. मिश्रा उपखण्ड दण्डाधिकारी कुसमी एवं मतगणना स्थल गेट कमांक 02 सुषमा देवी रावत प्रभारी नजूल तहसीलदार सीधी की कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में लगाई गई है। मतगणना स्थल पर कानून व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अपर जिला दण्डाधिकारी जिला सीधी एवं सम्पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सीधी होंगे।

## मतगणना के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**सीधी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी की मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्र 76-चुरहट एवं 77-सीधी के लिए श्री अभिषेक कृष्णा (आईएएस) तथा 78-सिहावल एवं 82 धौहनी के लिए श्री अश्विनी खजूरिया को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

# मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित

## आयोग के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना संपन्न होगी : रिटर्निंग ऑफीसर सोमवंशी

**सीधी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना के संबंध में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफीसर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतगणना के लिए की गई तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए रिटर्निंग ऑफीसर श्री सोमवंशी ने आश्वस्त किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विहित प्रक्रियाओं, नियमों तथा निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना संपन्न की जायेगी।

श्री सोमवंशी ने कहा कि सभी अभ्यर्थियों के सहयोग से संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है। इसी प्रकार मतगणना का कार्य भी शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होगा। उन्होने बताया कि जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों 76-चुरहट, 77-सीधी, 78-सिहावल एवं 82-धौहनी की मतगणना संजय गांधी स्मृति शासकीय महाविद्यालय (पुराना भवन) सीधी में दिनांक 04.06.2024 को की जायेगी। मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम प्रात: 7 बजे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक, रिटर्निंग ऑफीसर/ सहायक रिटर्निंग ऑफीसर एवं अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जावेगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए दो-दो कक्षों में व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 16 टेबिल में ईव्हीएम की मतगणना की जावेगी। विधानसभा क्षेत्र सिहावल एवं धौहनी में पोस्टल बैलट एवं ईटीपीबीएस की मतगणना के लिए 4-4 टेबिल लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र सिहावल एवं धौहनी में पोस्टल बैलट की गिनती प्रात: 8 बजे से तथा ईव्हीएम की मतगणना 8.30 बजे से होगी। विधानसभा क्षेत्र चुरहट एवं सीधी में ईव्हीएम की मतगणना प्रात: 8 बजे से प्रारंभ होगी। उन्होने बताया कि पोस्टल बैलट एवं ईटीबीपीएस को टेऊनरी से स्ट्रांग रूम मे दिनांक 03.06.2024 को दोपहर 3 बजे स्थानांतरित किया जाएगा जिसमें अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है।



रिटर्निंग आफीसर ने बताया कि मतगणना स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी अधिकृत फोटोयुक्त प्रवेश पास के आधार पर ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन एवं अन्य प्रतिबंधात्मक सामग्री के साथ प्रवेश पूर्णत: वर्जित रहेगा। उन्होने कहा कि समस्त कार्यवाहियां आयोग के निर्देशों के अनुरूप ही की जावेगी। कोई भी समस्या होने पर वह उनसे सीधे संपर्क कर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिंगरौली चन्द्रशेखर शुक्ला वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े रहे तथा उन्होने सिंगरौली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों के लिए की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराया। बैठक में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के अभ्यर्थी एवं अभिकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राहुल धोटे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर सीधी प्रिया पाठक, सिहावल प्रशान्त त्रिपाठी, धौहनी आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेष द्विवेदी, एसडीओपी गायत्री तिवारी, मास्टर टेऊनर डॉ अरविन्द त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सहायक रिटर्निंग ऑफीसर देवसर, चितरंगी, सिंगरौली एवं ब्यौहारी वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

## संपादकीय

### अब नतीजों का इंतजार

एग्जिट पोल के आंकड़ों के अनुसार एनडीए को पूर्ण बहुमत मिल रहा है और वह बहुमत के आंकड़े से ऊपर जा रही है। ऐसा 1 जून को आए न्यूज चैनलों के एग्जिट पोल में सामने आए हैं। नतीजे तो अब 4 जून को आएंगे तभी सही स्थिति का पता चल जाएगा। आठ राज्यों की 57 सीटों पर 1 जून को 7वीं चरण की वोटिंग के साथ ही 18वीं लोकसभा के लिए चल रही लंबी मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। इस दौरान चुनाव आयोग को कई तरह की चुनौतियों से दो-चार होना पड़ा। इन अनुभवों से मिले सबक पर गौर करना इसलिए जरूरी है कि आगे के चुनावों की क्वॉलिटी बेहतर की जा सके। ये चुनाव ऐसे समय कराए गए, जब देश का ज्यादातर हिस्सा भीषण गर्मियों की चपेट में रहता है। इस तथ्य को जितनी अहमियत मिलनी चाहिए थी, उतनी न देते हुए आयोग ने छह सप्ताह की अप्रत्याशित रूप से लंबी मतदान प्रक्रिया निर्धारित कर दी। इसके पीछे मकसद निश्चित रूप से मतदान प्रक्रिया को यथासंभव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाए रखना था, लेकिन इस वजह से नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में चुनावों को लेकर दिलचस्पी बनाए रखना मुश्किल होता गया। कम मतदान प्रतिशत के पीछे एक वजह यह भी मानी जा रही है। चूंकि ज्यादातर वोटरों को वोट देने के लिए बूथ तक जाना होता है और अनुभव बताता है कि यह हमेशा आसान नहीं होता, इसलिए इसका ध्यान रखने की जरूरत होती है कि जहां तक हो सके, वोटरों के घर से बूथ की दूरी ज्यादा न हो। लेकिन राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की ही बात की जाए तो यहां की सातों संसदीय सीटों में बूथों की संख्या 2019 के मुकाबले कम रखी गई थी। वह भी तब, जबकि मतदाताओं की संख्या में 9 लाख का इजाफा हो चुका था। जाहिर है, ऐसे में खास तौर पर बुजुर्ग मतदाताओं के लिए वोट देने जाना थोड़ा और मुश्किल हुआ। भारत जैसे बड़े और विविधतापूर्ण देश में अगर चुनाव विश्वसनीय माने जाते रहे हैं तो इसका श्रेय चुनाव आयोग को ही जाता है। सहज और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के पीछे सबसे बड़ा फैक्टर है इस प्रक्रिया पर मतदाताओं का विश्वास। इस विश्वास को मजबूती मिलती है आकंड़े समय पर जारी होते रहने से। ध्यान रखना चाहिए कि सूचनाओं का अभाव संदेह को जन्म देता है। देखा जाए तो चुनाव आयोग के लिए सबसे मुश्किल होता है विभिन्न पार्टियों के नेताओं से चुनावी आचार संहिता का पालन कराना। अक्सर पार्टियों का नेतृत्व आयोग के नोटिसों को पर्याप्त महत्व नहीं देता। इन नोटिसों और दिशानिर्देशों को अदालतों में चुनौती भी दी जाती है। जो बात चुनाव आयोग के पक्ष में जाती है वह है यह परसेप्शन कि आयोग अपने सख्त रुख पर अडिग रहा और पक्ष-विपक्ष की चिंता किए बगैर आचार संहिता के उल्लंघनों पर त्वरित प्रतिक्रियाएं देता रहा। आयोग को भविष्य में भी इस परसेप्शन का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि उसके निष्पक्ष रहने जितना ही जरूरी है उसका निष्पक्ष दिखना।

# नये एवं विकसित भारत की बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार

(ललित गर्ग)

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एवं एक बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं भ्रष्टता से रह-रहकर हादसे होते रहें और उनमें बड़ी संख्या में लोग मरते रहें। दुर्भाग्य से अपने देश में यही हो रहा है।

लोकसभा के सातवें चरण के चुनाव होने शेष रहे हैं, सबकी नजरें चुनाव परिणामों पर लगी है। ये चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि नये भारत, विकसित भारत एवं समृद्ध भारत की तस्वीर क्या करवट लेगी। भ्रष्टाचार एवं उससे उपजे हादसों ने चुनाव के दौरान ही ऐसे वीभत्स दृश्य उपस्थित किये, जो चुनावी मुद्दा न बनना एवं राजनेताओं के बीच इनकी चर्चा न होना, दुर्भाग्यपूर्ण तो है ही, लेकिन उससे ज्यादा चिन्ताजनक यह है कि हमारी राजनीति अभी भी विकसित भारत के सपने को आकार देने के लिये तैयार नहीं दिख रही है। पुणे पोर्शे कार एक्सीडेंट ने भ्रष्टाचार की इतने परतें खोली दी है कि उसमें न्यायालय, पुलिस, राजनेता, डाक्टर सभी अपना जमीर बेचते हुए दिखाई दिये हैं। इसी तरह राजकोट एवं दिल्ली की अग्निकांडों ने प्रशासन एवं व्यवसाय में पसरे भ्रष्टाचार की काली परतों को उजागर किया है। इस तरह अस्पताल हो चाहे होटल, गेम जोन या मॉल, सुरक्षा इंतजामों, प्रशासनिक जिम्मेदारी एवं ईमानदारी की खुलकर धज्जियां उड़ती रहेगी या पुणे की तरह अब बिकते रहेंगे तो विकसित भारत का सपना कैसे आकार लेगा?

छह सौ करोड़ी पिता ने अपने बेटे के अपराध पर पर्दा डालने एवं उसे बचाने के लिये किसको नहीं खरीदा। कैसे जनता की रक्षा होगी एवं उसे न्याय मिलेगा, जब सब बिकने के लिये तैयार बैठे हैं। बेबी केयर अस्पताल हो या राजकोट का गेम जोन का हादसा- किसी की जान की कीमत कागज के चंद टुकड़े कैसे हो सकती है? न्यायालय भी ऐसे मामलों में संज्ञान लेकर शुरुआत तो करता है, लेकिन यह शुरुआत अंजाम तक नहीं पहुंच पाती। हादसे की आंच ठंडी पड़ी नहीं कि मिलीभगत का खेल फिर शुरू हो जाता है। संबंधित अधिकारी भी आंख मूंदकर सो जाते हैं और फिर किसी हादसे के बाद ही उनकी कुंभकरणी नींद खुलती है। इन ज्वलंत एवं भ्रष्ट हालातों में कैसे भारत की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी?

भ्रष्टाचार और घोटालों के इस घटाटोप मौसम में ऐसा कुछ भी कह पाना मुश्किल हो गया है, जो भारत या इसके लोगों की जिंदगी पर उजली रोशनी डालता हो। भारत अपनी दुश्वारियों में लस्त-पस्त उस मध्ययुगीन योद्धा की तरह दिखता है, जो चुनावी जंग के मैदान में आहें भर रहा है। कोई नहीं जानता, किसके दामन में कितने दाग हैं? कोई नहीं जिस पर यकीन किया जा सके, धरती का कोई कोना नहीं, जिसके नीचे दबा कोई घोटाला खुदाई का इंतजार न कर रहा हो। लेकिन यही चुनाव, हादसों एवं भ्रष्टता के मौके होते हैं, जब किसी देश के सच्चे चरित्र का पता चलता है। आगे-पीछे चुनावों के तहत तथाकथित नेता द्वारा हजारों जुमलों में किसी समाज व्यवस्था को बहलाया जा सकता है, लेकिन बुरे वक्त में नहीं। भारत के चरित्र को परखने का सही समय




चुनाव है या ऐसे वीभत्स हादसें एवं भ्रष्टता की अंधी गलियां।

भारत दुनिया का गुरु बनने एवं तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, दुनिया भारत के आध्यात्मिक अनुभवों से मोहित है और यह एक पकी बात है कि धर्म को लेकर जैसा काम भारत में हुआ, वैसा कहीं नहीं हुआ और पिछले दशक में उसे और जीवंतता मिली। लेकिन यह एकांगी महानता है, क्योंकि दुनिया में तरक्की के पैमाने भौतिक हैं और उस मामले में भारत की ताकत सदियों पहले खत्म हो गई थी, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अध्यात्म के साथ उसी भौतिक ताकत को बढ़ा रहे हैं। जहां तक ईमानदारी, निष्ठा और सत्य जैसे मूल्यों का सवाल है, वे कितने हमारी जिंदगी में हैं इसका पता करप्शन के आंकड़ों एवं बार-बार होने वाले हादसों से लग जाता है।

हाल के बरसों में जानकारों और मीडिया ने यह बात फैला दी है कि भारतीय इसलिए दुनिया में अनूठे हैं कि वे कुछ भी कर सकते हैं। लेकिन हमारे देश में ऐसे राजनेता हैं जो दुश्मन देशों की तरफदारी करते हुए लोगों के दिलों को जीतने की जुगाड़ में लगे हैं। ऐसे भी राजनेता है जो भ्रष्टाचार मुक्ति का नारा देते हुए कहते है कि आप हमें वोट देंगे तो हमारा जेल जाना रूक सकता है। यानी खुले आम अपने भ्रष्टाचार एवं घोटालों में भी जन-समर्थन मांग रहे हैं। स्मार्टनेस की इस दुहाई के चलते एक मामूली-से दिखने वाले व्यक्ति ने अब सिलेब्रिटी स्टेटस एवं सफल राजनेता होने की गरिमा को हासिल कर लिया है, और वह है जुगाड़ एवं जनता को गुमराह करने की कला। मैसेज यह है कि जरूरत पड़ने पर हमारे राजनेता किसी भी तरह काम निकाल लेते हैं। अब इस सोच का क्या किया जाए?

बात नये भारत एवं विकसित भारत की है, अपने देश में हर तरह के नियम-कानून है, पर उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही अन्य कहीं हो। पुणे, राजकोट और दिल्ली के मामले इकलौते ऐसे प्रकरण नहीं, जिनमें सरकारी तंत्र को जवाबदेही से दूर रखने की कोशिश की गई हो। इस तरह के मामले रह-रहकर होते ही रहते हैं और उनमें बड़ी संख्या में लोग जान गंवाते हैं अथवा घायल होते हैं, लेकिन नियामक तंत्र के उन लोगों को कभी भी कठघरे में नहीं खड़ा किया जाता, जिनकी अनदेखी और लापरवाही के चलते जानलेवा घटनाएं होती रहती हैं। इसका उदाहरण है मुंबई में एक विशालकाय होर्डिंग गिरने से कई लोगों की मौत। यह विशालकाय होर्डिंग अवैध रूप से था, लेकिन किसी को 'नजर' नहीं आ रहा था। जब यह गिर गया और उसमें कई लोगों की जान चली गई तो सरकारी तंत्र ने उससे अपना पल्ला झाड़ लिया। होर्डिंग लगवाने वाला तो गिरफ्तार हो गया, इसी तरह गेम जोन एवं बेबी केयर अस्पताल के मालिक भी सलाखों के पीछे आ गये, लेकिन नगर निकाय एवं सरकार के किसी अधिकारी-कर्मचारी को गिरफ्तार करने की आवश्यकता नहीं समझी गई। कोई नहीं जानता कि क्यों? दिल्ली के ग्यारह सौ से अधिक अस्पतालों में मात्र 190 के पास एनओसी है, यह प्रशासन तले अंधेरा नहीं तो क्या है?

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एवं एक बड़ी आबादी वाला देश है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारी तंत्र की लापरवाही एवं भ्रष्टता से रह-रहकर हादसे होते रहें और उनमें बड़ी संख्या में लोग मरते रहें। दुर्भाग्य से अपने देश में यही हो रहा है। जब कोई बड़ी घटना घट जाती है और उसमें अधिक संख्या में लोग मारे जाते हैं तो शोक संवेदनाओं का तांता लग जाता है और तत्काल कार्रवाई करने के नाम पर उच्चस्तरीय जांच के आदेश दे दिए जाते हैं, लेकिन कुछ समय बाद उन्हीं कारणों से वैसी ही घटना फिर सामने आती है, जैसी पहले हो चुकी होती है, इसका मतलब प्रशासन अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह ठीक से नहीं कर रहा है और व्यवसायी प्रशासन की इन्हीं कमजोरियों का फायदा उठाते हुए मौत के सौदागर बने रहते हैं। यही कारण है कि न तो हादसे कम हो रहे हैं और न ही उनमें जान गंवाने वालों की संख्या में कमी आ रही है। हादसे दुनिया में हर कहीं होते हैं, लेकिन विकसित और विकासशील देश कम से कम उनसे सबक लेते हैं और ऐसी व्यवस्था करते हैं, जिससे बार-बार एक जैसे कारणों से हादसे न हों।

लोकतंत्र एक पवित्र प्रणाली है। पवित्रता ही इसकी ताकत है। इसे पवित्रता से चलाना पड़ता है। अपवित्रता से यह कमजोर हो जाती है। ठीक इसी प्रकार अपराध के पैर कमजोर होते हैं। पर अच्छे आदमी की चुप्पी उसके पैर बन जाती है। अपराध, भ्रष्टाचार अंधेरे में दौड़ते हैं। रोशनी में लड़खड़ाकर गिर जाते हैं। हमें रोशनी बनना होगा और रोशनी भ्रष्टता एवं घोटालों से प्राप्त नहीं होती। भारत में कोई सबक सीखने को तैयार नहीं है, और यही कारण है कि विकसित देश बनने के संकल्प को साकार करना कहीं अधिक कठिन दिख रहा है। अपने देश में हर तरह के नियम-कानून हैं, राजनेताओं के बड़े-बड़े संकल्प भी है, लेकिन उनके उल्लंघन की जैसी सुविधा यहां है, वैसी शायद ही किसी विकासशील और विकसित राष्ट्र का स्वप्न देखने वाले देश में हो। भारत में लोग किस कदर कदम-कदम पर नियम-कानूनों का धड़ल्ले के साथ उल्लंघन करते हैं और सरकारी तंत्र में बैठे लोग उनकी मदद करने या फिर उनके अपराध को ढकने के लिए तैयार रहते हैं, इसका शर्मनाक एवं दर्दनाक उदाहरण पुणे का कार हादसा भी है। आज यह स्वीकारते कठिनाई हो रही है कि देश की कानून एवं व्यवस्था को सम्भालने वाले सभी हाथ दागदार हो गए हैं। इस मनःस्थिति के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते हैं। दिन-प्रतिदिन जो सुनने और देखने में आ रहा है, वह पूर्ण असत्य भी नहीं है। पर हां, यह किसी ने भी नहीं सोचा कि जो हाथ प्रशासन, कानून एवं सुरक्षा की बागडोर सम्भाले हुए थे, क्या वे सब बागडोर छोड़कर अपनी जेब सम्भाल लेंगे? लेखक, पत्रकार, स्तंभकार।

# ईरान के लिए क्या है सबसे बड़ा सवाल

(अमिताभ सिंह)

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की पिछले दिनों हेलिकॉप्टर दुर्घटना में हुई अकाल मौत ने ईरान और पश्चिम एशिया क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति को लेकर अहम सवाल खड़े किए हैं। यह घटना इस्राइल-हमास संघर्ष की पृष्ठभूमि में ईरान और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई है। ध्यान रहे, इस संघर्ष में 35,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं।

**प्रतिरोध की धुरी-** खास बात यह कि ईरान इस संघर्ष का एक पक्ष है। यह इराक, सीरिया, लेबनान और यमन में अपने प्रॉक्सी के जरिए इस्राइली राज्य के खिलाफ प्रतिरोध में शामिल है और इसे 'प्रतिरोध की धुरी' बताता है। वैसे, शुरुआती जांच के मुताबिक, यह मौत एक दुर्घटना थी। इसके पीछे किसी तरह की अंतरराष्ट्रीय या घरेलू साजिश की संभावना को अधिकारियों ने खारिज कर दिया है।

**उत्तराधिकारी कौन-** इब्राहिम रईसी की इस अचानक और दुखद मृत्यु का पहला प्रभाव ईरानी राजनीति पर पड़ने वाला है। सबसे बड़ा सवाल जिस पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है, यह है कि रईसी का उत्तराधिकारी कौन होगा। ईरान के लोगों के मन में दूसरा सबसे बड़ा सवाल यह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई का उत्तराधिकारी कौन बनेगा?

**रखी मजबूत नींव-** इब्राहिम रईसी एक कट्टर धार्मिक प्रचारक थे, जिन्हें अयातुल्लाह अली खामेनेई की अगुआई वाली ईरान की सर्वोच्च परिषद के सदस्यों का वरदहस्त हासिल था। 1980 के दशक में केवल 25 वर्ष की उम्र में वह ईरान के स्टेट प्रॉसीक्यूटर बन गए थे। उन्हें ईरान में इस्लामी शासन की मजबूत नींव रखने का श्रेय दिया जाता है। हालांकि इस क्रम में वह इस्लामी गणराज्य का विरोध करने वाले बहुत से लोगों की फांसी के लिए भी जिम्मेदार ठहराए जाते हैं। इस्लामी गणराज्य ईरान में उनके लंबे अनुभव को देखते हुए, उन्हें अक्सर सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जाता था।

**बड़े बदलाव के आसार नहीं-** बहरहाल, रईसी की मौत किसी भी तरह से ईरानी राजनीति में कोई बड़ा बदलाव लाएगी, इसके कोई आसार नहीं दिखते। हालांकि ईरान में नियमित शासन संचालन में उनकी अहम भूमिका रहती थी और वह कट्टरपंथियों की पसंद माने जाते थे। उनके नेतृत्व में, ईरान ने इस्राइल पर हमला करके अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया और चीन, भारत और रूस जैसी बड़ी शक्तियों के साथ दोस्ती की। हालांकि उन्होंने या धार्मिक नेतृत्व ने इस्राइल या अमेरिका के साथ सीधे टकराव मोल नहीं लिया, लेकिन इस क्षेत्र में अपनी सैन्य शक्ति का एहसास कराने में पीछे नहीं रहे।



**विदेश नीति की कामयाबी-** रईसी की विदेश नीति की प्राथमिकताएं कई लिहाज से सराहनीय मानी जाती हैं। उन्होंने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस का समर्थन किया। उसे ड्रोन की सप्लाई की। रूस भी चीन को पीछे छोड़ते हुए ईरान में सबसे बड़ा निवेशक बन गया। चीन के साथ अच्छे रिश्ते बनाए रखने में भी वह उतने ही कामयाब रहे। वह 20 वर्षों में चीन का दौरा करने वाले पहले ईरानी राष्ट्रपति बने और अरबों डॉलर के 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। 2023 में चीन को ईरान का तेल निर्यात 50 प्रतिशत बढ़ गया।

**परमाणु संवर्धन कार्यक्रम-** उन्होंने 2023 में ईरान को शंघाई सहयोग संगठन की सदस्यता दिलाई और 2024 में भारत के आमंत्रण पर वृहद-ब्रिक्स के सदस्य बने। उनके शासन के दौरान ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक संबंध स्थापित होना भी एक बड़ी घटना रही। यही नहीं अमेरिका, इस्राइल और अन्य शक्तियों की आपत्तियों के बावजूद उन्होंने परमाणु संवर्धन कार्यक्रम की योजना जारी रखी।

**नाजुक हालात-** यह त्रासदी ऐसे समय हुई है, जब इस्राइल और ईरान के बीच सैन्य तनाव चरम पर है। 1979 में एक इस्लामी राष्ट्र बनने के बाद से पहली बार ईरान ने सीधे इस्राइल पर हमला किया और जवाब में इस्राइल ने भी इस्फहान में हवाई हमले किए। इस्राइल-हमास संघर्ष के निकट भविष्य में अंत का कोई संकेत नहीं दिख रहा है। ऐसे में ईरान की विदेश नीति में बड़े बदलाव की कोई संभावना नहीं मानी जा सकती। पूरे मामले का केंद्रबिंदु यह है कि ईरान में दो उत्तराधिकार कैसे तय होते हैं- एक नए राष्ट्रपति का चुनाव कैसे होता है और ईरान के सर्वोच्च नेता का दीर्घकालिक उत्तराधिकारी कौन होता है।

**बढ़ेगा दबाव-** अमेरिका और इस्राइल मौजूदा हालात का फायदा उठाते हुए ईरान को राजनीतिक और आर्थिक तौर पर दबाव में लाने का प्रयास करेंगे। ईरान का परमाणु कार्यक्रम पहले से विवाद का विषय रहा है। इसी के चलते पश्चिम और व्यापक विश्व के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो पाए।

**गंभीर चुनौती-** अगर ज्यादा दबाव डाला गया तो संभव है कि ईरान, चीन और रूस के ज्यादा करीब चला जाए। ऐसा हुआ तो क्षेत्र और विश्व में गंभीर चुनौती की स्थिति पैदा हो सकती है। कुल मिलाकर, ईरान के भविष्य के लिहाज से यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इस्राइल-हमास संघर्ष पर कैसे प्रतिक्रिया करता है और अपने परमाणु मुद्दे को कैसे संभालता है।(लेखक स्कूल ऑफ इंटरनैशनल स्टडीज, जेएन में असिस्टेंट प्रफेसर हैं)

## वर्ग पहेली 5389



संकेत: बाएं से दाएं

1. ब्रायन लारा पहले ऐसे क्रिकेटर है जिसने टेस्ट मैच में सबसे ज्यादा 400 रन बनाए, यह स्कोर इस देश के खिलाफ बनाए थे (3)
3. 14 वीं-15 वीं शताब्दी के प्रसिद्ध सूफी संत जिन्हें नीरूनमीमा नामक जुलाहे दंपत्ति ने पाला था (3)
5. काव्य मर्मज्ञ, रस पान करने वाला (3)
6. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
7. जागृत होना, नींद से उठना (3)
9. जीवन, जिंदगी (3)
10. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
11. ब्रह्म, विद्या, आगे की ओर (2)
12. छोटा, निःसार, तीन प्रकार के प्राणायामों में से एक (2)
14. वायुयान में चालक के बैठने की सीट (4)
17. अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने वाला, स्वेच्छाचारी (4)
19. एक बार सांस लेने का समस, कश (2)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. जिसने कोई घटना अपनी आंखों से देखी हो, साक्ष्य (3)
22. अग्नि बुझाने का यंत्र (4)

ऊपर से नीचे

1. इंतजाम करने वाला (6)
2. भयभीत होना, खौफ जदा होना (3)
3. क से ह तक की वर्णमाला (4)
4. पुराणानुसार सात लोकों में से छठे लोक का नाम जहां की भूमि पथरीली है (4)
8. खुशबू, सुगंध, महक (3)
11. बिहार के इस शहर का पुराना नाम पाटलिपुत्र था (3)
13. किसी द्रव्य या पानी में घुलने वाला (5)
15. पिता का पिता, दादा, बाबा (4)
16. अनुराग, प्रेम, लालसा, इच्छा (2)
18. संभव है कि, कदाचित (3)
19. औषधि, उपचार (2)
20. कौआ पक्षी, काग (2)

### वर्ग पहेली 5388 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | ही | र | | ब | र | ग | द |
| म | ज | मा | | ह | मा | रा | |
| बं | | ना | म | क | | रा | पी |
| दी | न | | स | ना | थ | | प |
| | म | ह | ल | | प | ह | ल |
| ता | क | | ना | पा | क | | |
| | ख्वा | ब | | ता | ना | बा | ना |
| शा | र | दा | | ल | | द | ल |

# टेक्नोलॉजी वॉर- एआई में क्या हो रास्ता

(मृत्युंजय कुमार राय)

दुनिया में इन दिनों टेक्नॉलजी वॉर भी चल रही है। यह मुकाबला खासतौर पर अमेरिका और चीन के बीच दिख रहा है। इस जंग में चीन की बढ़त रोकने के लिए अमेरिका से कई चीजों के वहां निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। खासतौर पर अत्याधुनिक चिप के चीन को निर्यात पर उसने सख्त पाबंदियां लगा रखी हैं। यह बात इसलिए मायने रखती है कि जेनरेटिव एआई का जमाना शुरू हो चुका है, जिसके लिए खास चिप की जरूरत पड़ती है। अमेरिका और चीन दुनिया की दो बड़ी इकॉनमी हैं और भारत के कुछ वर्षों में पांचवें से तीसरे नंबर पर पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

केंद्र सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प भी किया है। लेकिन इसके लिए भारत को भी एआई और जेनरेटिव एआई की टेक्नॉलजी में आगे बढ़ना होगा, जिसमें अभी वह पीछे है। कई चीजें हैं, जो इसमें भारत की मदद कर सकती हैं। गूगल के बॉस सुंदर पिचाई और माइक्रोसॉफ्ट के बॉस सत्य नडेला ने इसकी ओर इशारा किया है। दोनों का कहना है कि भारत को आईए युग में ले जाने में यहां इंटरनेट यूजर्स की बड़ी संख्या मददगार हो सकती है। यहां जो विशाल कंटेंट तैयार हो रहा है, उसकी मदद से लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएमएम) को बेहतर ट्रेनिंग दी जा सकती है।

भारत की दूसरी बड़ी ताकत है सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की भारी संख्या। असल में,एआई की मदद से अगर देश प्रॉडक्टिविटी बढ़ाने में कामयाब रहा तो उसके लिए विकसित देश के लक्ष्य की ओर बढ़ना आसान होगा। इन्फॉरमेशन टेक्नॉलजी सर्विसेज की दुनिया में वह अपना मकाम बना चुका है। एआई की मदद से सर्विसेज एक्सपोर्ट कहीं अधिक तेजी से बढ़ सकता है। रघुराम राजन जैसे अर्थशास्त्री भी कह चुके हैं कि भारत को मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री की तुलना में सर्विसेज इंडस्ट्री की ग्रोथ पर फोकस करना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत ने हाल के वर्षों में कुछ चीजों की मैन्युफैक्चरिंग में कामयाबी हासिल की है। खासतौर पर एपल का भारत में आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग कामयाब रही है। इलेक्ट्रॉनिक गुड्स में भी यह कामयाबी दिख रही है। वहीं, डिफेंस एक्सपोर्ट में भी पिछले कुछ वर्षों में अच्छी बढ़ोतरी हुई है।

मौजूदा सरकार 'आत्मनिर्भर भारत' कैंपेन के जरिये इन क्षेत्रों पर ध्यान दे रही है और उसने परफॉरमेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) जैसी योजनाएं भी कई क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च की हैं। ये प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन ,एआई में काममयाबी का भी भारत के पास आधार है। हां, इसके लिए लोगों को स्किल सिखानी होगी। यहां सरकार की भूमिका हो सकती है। दूसरी ओर, बड़ी टेक्नॉलजी कंपनियां अपने एंप्लॉयीज को जल्द ही एआई स्किल्स सिखाना शुरू कर सकती हैं। इसलिए मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज इंडस्ट्री में एआई के जानकारों की मांग बढ़नी तय है, जो देश को विकास के नए रास्ते पर ले जाएंगे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज भाग्?य साथ दे रहा है और आपको सुबह से ही हर कार्य में सफलता मिलने से मन में प्रसन्?नता और सकारात्?मक भाव रहेगा। आपको आपके कार्यक्षेत्र या दफ्तर में कुछ नए अधिकार दिए जा सकते हैं। इससे आपको गौरव महसूस होगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और भाग्?य आपका साथ देगा।

### वृषभ

आज करियर और कारोबार में सफलता के योग बन रहे हैं। आपकी किस्?मत आपका साथ देगी और आपको आर्थिक सफलता प्राप्?त होगी। आपके लिए सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्?न रहेगा। आज आवश्यक सामान की खरीद करने में शाम तक का समय व्यतीत होगा।

### तुला

आज का दिन मिलाजुला प्रभाव दिखाने वाला होगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें,वरना आपको नुकसान हो सकता है। व्यक्तिगत मतभेद को व्यवसायिक मामलों के बीच में लाने से आपको नुकसान हो सकता है।

### वृश्चिक

आज आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी राजनयिक से निकटता व दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं।

### मिथुन

आज आपके सभी कार्य सरलता से बन जाएंगे। हालांकि दिन थोड़ा व्यस्तता में बीतेगा। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है। जायदाद या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले उसके सारे वैधानिक दस्तावेजों को अच्छी तरह से देख लें।

### कर्क

आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्?त होगी। पराक्रम में वृद्धि से आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और आपके शत्रु भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। बच्चे खेल कूद में मग्न रहेंगे। आप परिवार के लोगों के साथ वक्त बिताएंगे।

### धनु

भाग्य आज आपका साथ देगा। आपके विरोधी परास्त होंगे और आपके जीवन में रूठना मनाना चलता रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग भी आपको मिलेगा किन्तु वाणी पर संयम रखें। रुपये पैसे के मामले में सावधानी बरतें, किसी के मामले में बीच में न बोलें तो आपके लिए अच्छा है।

### मकर

आज आपको उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ होने से आपको हर्ष होगा और किस्?मत आपका साथ देगी। आपको रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी। आज किसी मामले में आपको अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

### सिंह

आज करियर के मामले में दिन सफलता से भरा होगा और आपके जीवन में सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपके भाग्?य विकास में आपकी किस्?मत साथ देगी। भाग्य विकास के अच्?छे योग आपके लिए बन रहे हैं।

### कन्या

आज का दिन परेशानी और चिंता से भरा होगा। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। आपको अपने जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम लेना होगा। आपके घर में भी काफी अच्?छा माहौल रहेगा।

### कुंभ

आज आपकी कार्ययोजनाएं सफल होंगी। आपको संतान पक्ष की ओर से बड़ी मात्रा में धन प्राप्?त हो सकता है। अपनी उत्तम कार्यशैली व मृदु व्यवहार से आपको हर क्षेत्र में सफलता प्राप्?त होगी। आज भी आपको लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे।

### मीन

आज करियर में लाभ होगा और आपके भाग्?य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता और उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### एग्जिट पोल को लेकर प्रमोद कृष्णम का राहुल पर तंज, कहा- 4 जून को शहजादे भी करेंगे साधना, तलाश रहे हैं गुफा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के लिए वोटिंग संपन्न होने के बाद एग्जिट पोल के अनुमान सामने आ चुके हैं। लगभग सभी एग्जिट पोल में बीजेपी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शानदार वापसी दिख रही है। कुछ में तो एनडीए के खाते में 400 से अधिक सीटें आने का अनुमान लगाया है। एग्जिट पोल के अनुमान सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी के पूर्व नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि वह गुफा की तलाश में जुटे हैं। आचार्य कृष्णम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखते हैं, 4 जून की शाम को शहजादे भी साधना करने जाएंगे। गुफा की तलाश जारी है। आपको बता दें कि 4 जून को मतों की गिनती होनी है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को टैग करते हुए एक्स पर लिखा था, राम की चौखट पे चले जाते तो इतनी दुर्गति ना होती। बतात चलें कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित कई विपक्षी दलों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया था। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साधना का विरोध करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की थी। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा कि 2024 का चुनाव धर्मयुद्ध है। एक तरफ वे लोग हैं जो धर्म के साथ हैं और दूसरी तरफ वे लोग हैं जो धर्म को खत्म करना चाहते हैं।

### ओडिशा और बंगाल में 4 जून के बाद भी रुकें सुरक्षा बल, चुनाव आयोग ने दिए कड़े आदेश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव अब भले ही खत्म हो गए हों लेकिन उनके बाद भी किसी तरह की हिंसा या उपद्रव की स्थिति ने बने इसे लेकर चुनाव आयोग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। आयोग ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा में 4 जून को होने वाली मतगणना के बाद भी 15 दिनों तक पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश को मतगणना के बाद लगभग 48 घंटो तक सुरक्षा बल उपलब्ध कराने के भी सख्त आदेश हैं। बता दें की चुनावों के दौरान हिंसा के बहुत से मामले सामने आए थे,जहां चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश की गई थी। पश्चिम बंगाल में तो सातों चरणों के दौरान ऐसी कई घटनाएं सामने आईं, जहां भीड़ ने मिलकर दंगे और उपद्रव जैसी स्थिति खड़ी कर दी। अभी हाल ही में शनिवार को जयनगर में भीड़ द्वारा ईवीएम लूटने और उसके साथ ही वीवीपैट को तालाब में फेंकने वाली घटना सामने आई थी। इन्हीं सब मामलों को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने यह बड़ा फैसला लिया है। इससे पहले आयोग आंध्र प्रदेश में भी ऐसा ही फैसला सुना चुका है। वहां भी मतगणना के बाद तक 2500 सैनिकों की तैनाती के आदेश है। दरअसल, आंध्र प्रदेश में भी 13 मई को मतदान के बाद अनंतपुरम, पालनाडु, तिरुपति और कुछ अन्य जिलों में भी हिंसा की कुछ घटनाएं सामने आई थीं। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और डीजीपी को तलब किया था। इसके बाद उन्होंने कड़ी कार्यवाही करते हुए इन जिलों के डीएम और एसपी को या तो निलंबित कर दिया था या फिर उनका तबादला कहीं और कर दिया था। बता दें की सभी लोकसभा सीटों पर मतगणना 4 जून को होने वाली है। सुबह आठ बजे से ही सभी लोकसभा सीटों पर वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी।

### गर्मी से बचने के लिए कोचिंग कक्षाएं ऑनलाइन मोड पर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने प्रचंड गर्मी और हीट वेव के मद्देनजर अब कोचिंग कक्षाएं भी ऑनलाइन मोड पर ही संचालित के निर्देश जारी किए है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर को निर्देश जारी किए हैं। हालांकि निर्देशों में ये स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी कारणवश कुछ कक्षाएं ऑफलाइन मोड पर लेने की जरूरत पड़े, तो उसका समय सुबह 11:00 से दोपहर 2:00 बजे के बीच ना हो। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी कारण से कुछ कक्षाएं ऑफलाइन मोड पर संचालित करने की आवश्यकता हो तो छात्रों को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे के बीच किसी भी स्थिति में कोचिंग सेंटर पर नहीं बुलाया जाए। कोचिंग सेंटर से बच्चों को हीट वेव से बचाने के लिए सभी प्रबंध करना भी सुनिश्चित करना होगा। इन निर्देशों की तत्काल पालना सुनिश्चित कर की गई कार्रवाई से विभाग को अवगत कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि नौतपा में सूर्य की तपिश और हीट वेव से लोगों का हाल बेहाल है. सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रदेश में बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में तीव्र हीट वेव भी दर्ज की गई है। इससे प्रदेश में शनिवार से तीन दिन तक कुछ स्थानों पर आंधी और बारिश की संभावना रहेगी, जिससे लोगों को कुछ हद तक राहत मिलने के आसार हैं। उल्लेखनीय है कि 31 मई को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में भीषण गर्मी और हीट वेव के प्रभाव और बचाव के संबंध में चर्चा की थी। मुख्यमंत्री ने छात्रों को ज्यादा तापमान और हीट वेव की स्थिति से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं।

# रामलला दर्शन के फर्जी पास 1500 रुपए में बेचे:अपनी आईडी से बुक किए; नाम-तारीख बदली; एंट्री गेट पर पकड़े गए 4 श्रद्धालु

**अयोध्या, एजेंसी।** अयोध्या में रामलला के सुगम दर्शन पास को लेकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी पहले अपनी आईडी से पास बुक कराते थे। इसके बाद नाम और तारीख को एडिट कर बदल देते थे। ठगी करने वाले लोग पास की हार्ड कॉपी ऑफलाइन बेच दिया करते थे। एक-एक पास के 1500 रुपए वसूलते थे।

मामला का खुलासा उस वक्त हुआ, जब सुरक्षाकर्मियों ने रामलला के एंट्री गेट पर 4 श्रद्धालुओं को फर्जी पास के साथ पकड़ लिया। उनके पास के बारकोड को स्कैन किया तो ये पास फर्जी पाए गए। फिर चारों को थाने ले जाया गया। यहां पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि होटल के मैनेजर ने 2 गाइड से संपर्क करवाया था। उन्हीं ने टिकट दिलवाया। टिकट के बदले 1500-1500 रुपए भी लिए। पुलिस ने पूछताछ के बाद श्रद्धालुओं को छोड़ दिया। पुलिसवालों ने आरोपियों की तलाश की, लेकिन फरार हो गए। घटना 28 मई की है, लेकिन मामला 31 मई को सामने आया।

**सब-इंस्पेक्टर ने दर्ज करवाई एफआईआर :** सब-इंस्पेक्टर आशीष वर्मा ने रामजन्मभूमि थाने में 31 मई को एफआईआर दर्ज करवाई। उन्होंने लिखा- 28 मई को मैं चेकिंग पॉइंट पर तैनात था। साथ में 7 अन्य सुरक्षाकर्मी भी थे। मैं शयन आरती में जाने वाले श्र?द्धालुओं के पास की चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान सुरजीत गुप्ता, रजत टंडन, कपिल और विष्णु पास लेकर आए। हाथ में लेते ही ये पास फर्जी लगे। बारकोड स्कैन किया, तो पास फर्जी मिले मैंने पास के बारकोड को मोबाइल एप से स्कैन किया। इसमें पास की बुकिंग ढूष्ठ अलग मिली। फिर भी मैंने पुष्टि के लिए फोन कर पास का काम करने वाले सोमेश और मयंक बुलाया। उन्होंने भी पास को फर्जी बताया। फिर श्र?द्धालुओं से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया- हम लोग रेडिसन होटल में रुके थे। होटल के मैनेजर कमलजीत से हम लोगों का संपर्क गाइड अजय मौर्य और नरेंद्र पांडेय से करवाया। इन्हीं लोगों ने हम लोगों को पास उपलब्ध कराए। एक-एक पास के लिए 1500 रुपए लिए। दोनों आरोपियों की तलाश की गई तो दोनों भाग गए। फ्री में जारी होते हैं रामलला के सुगम दर्शन पास विश्व हिंदू परिषद के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया- रामलला की मंगला, श्रृंगार और शयन आरती होती है। हर आरती के लिए 100 पास जारी होते हैं। ऑफलाइन-ऑनलाइन पास निःशुल्क जारी किए जाते हैं। थानाध्यक्ष रामजन्मभूमि देवेंद्र पांडेय ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इस गैंग में और भी लोग शामिल हो सकते हैं। इसकी भी जांच की जा रही है।



### रिजल्ट से पहले भाजपा उम्मीदवार पर भड़की किरण खेर, बोलीं- मुझे इग्नोर किया, जिम्मेदारी मेरी नहीं

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ लोकसभा से भाजपा सांसद रहीं किरण खेर ने चुनाव परिणाम से पहले भाजपा उम्मीदवार पर जमकर भड़ास निकाली है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवार संजय टंडन और उनकी टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि कई पार्टी कार्यक्रमों में उन्हें निमंत्रण तक नहीं मिलता। खेर का यह बयान तब सामने आया है कि जब उन पर आरोप लगे हैं कि वे पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखती हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्टी नहीं कुछ लोगों द्वारा मेरी लगातार की जा रही उपेक्षा है। खेर ने यह भी कहा कि परिणाम पर मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। चंडीगढ़ में वोट डालने पहुंची भाजपा नेता और अभिनेत्री किरण खेर ने यह भी कहा कि अगर संजय टंडन जीतते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। आगे कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने कितना प्रचार किया है। कई जगहों पर तो हमें यह भी नहीं पता चला कि कोई समारोह हो रहा है या नहीं। भाजपा नेताओं के किरण खेर पर आरोप लगते रहे हैं कि वह हमारे साथ हैं, लेकिन वह समारोहों में ज्यादा नजर नहीं आतीं। जवाब में खेर का कहना है, मैं भाजपा के साथ हूं, लेकिन कई समारोहों के लिए उन्हें संदेश भी नहीं मिलता। हालांकि जब भी मुझे मैसेज मिला, मैं वहां गई। बता दें कि किरण खेर को केवल तब सार्वजनिक कार्यक्रमों में देखा गया जब राष्ट्रीय तबके के नेता भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन के लिए प्रचार कर रहे थे।

### बदरीनाथ धाम में भक्तों को अब नहीं मिलेगी वन तुलसी, औषधीय गुणों से है भरपूर



**देहरादून, एजेंसी।** बदरीनाथ धाम में दर्शन करने को जा रहे तीर्थ यात्रियों को जोरदार झटका लग सकता है। उत्तराखंड में मौसम के बदलाव का असर अब ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी साफतौर से देखने को मिल सकता है। मौसम में आ रहे बदलाव से औषधीय गुणों से भरपूर बदरीनाथ धाम में स्वतः उगने वाली वन तुलसी अब विलुप्ति के कगार पर है। प्रसाद बेचने वाले अब लामबगड़, हनुमान चट्टी, पांडुकेश्वर, बड़ागांव और उदगम घाटी से वन तुलसी के पत्ते मंगवाकर माला तैयार कर रहे हैं। 10500 फिट की ऊंचाई पर स्थित बदरीनाथ धाम में पाई जाने वाली वन तुलसी की माला से भगवान बदरी विशाल का श्रृंगार किया जाता है। इस वर्ष भी बदरीनाथ धाम और आस पास के जंगलों में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है। यहां पर वन तुलसी धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। बदरीनाथ में कई दशकों से तुलसी माला बेच रहे विनोद डिमरी का कहना है कि इस वर्ष धाम में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है। तुलसी माला बेचने वाले जोशीमठ क्षेत्र से तुलसी मंगवा रहे हैं। बदरीनाथ मंदिर के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन उनियाल का कहना है कि भगवती वृंदा ही बदरीनाथ धाम में तुलसी के रूप में विराजमान हैं। वृंदा ही महालक्ष्मी हैं। बदरीनाथ उपवन सरक्षक सर्वेश कुमार दुबे कहना है कि जिस समय तुलसी उगनी शुरू होती है उस समय धाम में भारी बर्फबारी हुई थी। जिसके चलते इस वर्ष अभी तक तुलसी काफी कम उगी है। जबकि इससे पूर्व वर्षों में बर्फबारी दिसंबर-जनवरी माह में होती थी तो वन तुलसी के उगने का अवसर मिलता था। लेकिन इस वर्ष फरवरी-मार्च माह में बर्फबारी हुई है।

### जयपुर हाईवे पर मुंबई एक्सप्रेसवे का सफर जेब पर पड़ेगा भारी, एनएचएआई की आज से टोल टैक्स बढ़ाने की तैयारी

**जयपुर, एजेंसी।** दिल्ली-जयपुर हाईवे और एक्सप्रेसवे पर सफर करना सोमवार से महंगा हो जाएगा। गुरुग्राम से रेवाड़ी और जयपुर तक जाने के लिए अब ज्यादा पैसे देने होंगे। सोहना-नूंह-अलवर या दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से होकर जयपुर तक जाने के लिए भी अतिरिक्त टोल देना होगा। हालांकि, बढ़ी हुई टोल दरें 1 अप्रैल से लागू होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसे टाल दिया था। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर टोल की अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं। सबसे महंगा सफर सोहना हाईवे का रहने वाला है। कार से एक तरफ यात्रा के लिए 125 रुपये टोल के रूप में वसूल किए जाएंगे।

**अब कार से मेरठ जाना होगा और महंगा, 5 से 65 रुपये तक बढ़ेगा टोल टैक्स :** मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफर के लिए 125 रुपये में इस एक्सप्रेसवे का टोल भी जोड़ा जाएगा। यहां अलग-अलग दूरी के हिसाब से टोल रेट निर्धारित किया गया है। खेड़की दौला टोल पर कार सवार को पहले से पांच रुपये अधिक देने होंगे। एनएचएआई ने राष्ट्रीय सड़क शुल्क विनियम 2008 के अनुसार टोल दरें बढ़ाई गई है। गुरुग्राम की सीमा में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर खेड़की दौला, गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर घामडोज तथा मुंबई एक्सप्रेसवे पर अलीपुर के बाद हिलालपुर पर टोल प्लाजा हैं।

# कोलकाता के डायमंड हार्बर में 230 बूथों पर मतदान में हुई है धांधली, हो दोबारा वोटिंग: बीजेपी

**कोलकाता , एजेंसी।** शनिवार को एग्जिट पोल के आंकड़ें सामने आने के बाद एक बड़ी खबर सामने आई है। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी राज्य के डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के 260 मतदान केंद्रों में से कम से कम 230 पर दोबारा वोटिंग की मांग करेगी। भाजपा ने बूथों पर लाइव वेबकास्टिंग में अनियमितता का आरोप लगाया है। ये सभी बूथ फाल्टा विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है। राज्य में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, भाजपा ने डायमंड हार्बर सीट पर फाल्टा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 260 मतदान केंद्रों में से 230 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान के लिए चुनाव आयोग से औपचारिक रूप से पुनर्मतदान कराने का अनुरोध करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा है कि मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग प्रक्रिया चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार काम नहीं कर रही थी।

डायमंड हार्बर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के नेता अभिषेक बनर्जी मैदान में हैं। यहां से उन्होंने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया है कि पुलिस ने भाजपा के डायमंड हार्बर के उम्मीदवार अभिजीत दास उर्फ ??बॉबी को लगभग चार घंटे तक हिरासत में रखा था ताकि वह मतदान केंद्रों में न जा सकें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि डायमंड हार्बर, मथुरापुर, जयनगर और जादवपुर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में वेबकास्टिंग कैमरे लगाए गए थे। वोटिंग के दौरान उन्होंने चुनाव आयोग और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक ईमेल भी लिखा था। इसमें उन्होंने कैमरे फिर से काम करने के सुनिश्चित होने तक मतदान प्रक्रिया को रोकने की मांग की थी। उन्होंने संदेशखली में बड़े पैमाने पर हिंसा का आरोप लगाया और पुलिस पर सत्तारूढ़ टीएमसी के लिए काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि बशीरहाट लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार रेखा पात्रा को पुलिस ने परेशान किया। हालांकि, उन्होंने उकसाए जाने के बावजूद संयम बरतने के लिए केंद्रीय बलों की सराहना की और आरोप लगाया कि टीएमसी सीतलकूची (कूच बिहार) की घटना को दोहराने की कोशिश कर रही है, जहां 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव में हुई गोलीबारी में चार लोग मारे गए थे।

शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पिछले चरण के मतदान में हिंसा में कम से कम 100 लोग घायल हो गए थे जिनमें से लगभग 50 लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि उनमें से एक अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। उन्होंने मतदान केंद्र तक जाने वाली सभी सड़कों में इतनी रुकावट होने के बावजूद मतदान के लिए बाहर निकलने के लिए लोगों को बधाई दी है।



# पीएम मोदी ने कांग्रेस की घटिया राजनीति पर ताला लगाया : नायब सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता को 4 जून का इंतजार है। उन्होंने कहा जनता उस प्रतीक्षा में है जब नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे और भारत को विकसित बनाने की राह पर तेजी से लेकर आगे बढ़ेंगे। सैनी शनिवार को रोहतक प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में विस्तारकों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। सैनी ने कहा कि विस्तारक पार्टी की बेहद ही महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। विस्तरकों के माध्यम से बूथ स्तर तक कार्य योजनाओं का क्रियान्वयन मजबूती से किया जाता है। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, विस्तारक योजना के प्रदेश संयोजक भारत भूषण मिड्ढा आदि उपस्थित रहे।

पंचकूला और चंडीगढ़ में पदाधिकारियों की बैठक के बाद रोहतक पहुंचे सीएम सैनी ने विस्तारकों से भी लोकसभा चुनाव का फीडबैक लिया और आगामी कार्य योजनाओं और संगठनात्मक विषयों पर जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रचंड गर्मी के बावजूद लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की है। चार जून को परिणाम भाजपा के पक्ष में आने वाले हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा 10 की 10 लोकसभा सीटें और करनाल विधानसभा की सीट जीत रही है। नायब सैनी ने कहा कि मोदी सरकार 10 सालों में गरीबों की अपेक्षाओं पर खरा उतरी है। महिलाओं और किसानों को सशक्त करने का काम इन 10 वर्षों में डबल इंजन सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 10 वर्षों में जितने कालेज, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, ऐम्स खोले हैं उतने कांग्रेस के 60 साल के शासन में भी नहीं खुल पाए। रेलवे को 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफाई करना, ओवर ब्रिज व अंडरपास बनाना तथा देश और प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर मोदी सरकार ने इतिहास रचा है। सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में समस्याएं बढ़ी हैं जिनका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ा है। कांग्रेस के समय की समस्याओं का समाधान प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। कांग्रेस ने धारा-370 और राम मंदिर को लेकर सदा राजनीति की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने धारा 370 को खत्म किया और अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य और दिव्य मंदिर बनाकर रामलला को विराजमान किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कांग्रेस की घटिया राजनीति पर ताला लगाने का काम किया है और मजबूत सशक्त भारत बनाने का काम इन दस सालों में हुआ है।




# बसपा उम्मीदवार ने वोट डालने का बनाया वीडियो, सोशल मीडिया पर कर दिया शेयर; पुलिस का ऐक्शन

**फिरोजपुर, एजेंसी।** पंजाब की सभी 13 सीटों पर शनिवार को हुए मतदान के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन सामने आया है। फिरोजपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज का वोट डालते समय का वीडियो सामने आया है। सुरिंदर सिंह कंबोज वीडियो में ईवीएम दिखाते हुए वोट डालते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वो ईवीएम का बटन दबाते साफ दिखाई दे रहे हैं। ईवीएम का बटन दबाने के बाद पर्ची निकलना तक वीडियो में दिखाया गया है। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया गया। बीएसपी के उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज की इस हरकत पर एफआईआर दर्ज की गई है। फिरोजपुर के डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सुरिंदर कंबोज के बेटे जगदीप सिंह गोल्डी जलालाबाद से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं, जबकि पिता बीएसपी की तरफ से लोक सभा चुनाव लड़ रहे हैं।

फिरोजपुर क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज ने गुरुहरसहाए के गांव जीवां अराई में वोट डाला। वोट डालते समय उन्होंने ईवीएम की वीडियो बनाई और उसे सोशल मीडिया पर शेयर भी किया, जिसके बाद थाना गुरुहरसहाए में मुकदमा दर्ज किया गया है। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि फिरोजपुर के रिटर्निंग अफसर-कम-डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने ऐक्शन लिया है। सोशल मीडिया पर इस मामले के वीडियो प्रसारित होने के बाद तुरंत सुरिंदर सिंह कंबोज और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। राजपुरा से आम आदमी पार्टी की विधायक नीना मित्तल ने भी चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया और वोट डालते समय वीडियो बनाया। वीडियो को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया, लेकिन बाद में वीडियो हटा दिया। उन पर भी ऐक्शन लिया गया। चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर शौकत अहमद पार्रे ने पुष्टि की कि मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन प्रतिबंधित हैं।



# छत्तीसगढ़ में बढ़ा बिजली का दाम, नई दरें कब से लागू; आयोग ने बताया

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) ने शनिवार को सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए बिजली दरों में औसतन 8.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की घोषणा की है। नई दरें एक जून से प्रभावी हो गई हैं। सीएसईआरसी ने पिछले साल बिजली दरों में संशोधन नहीं किया था। सीएसईआरसी के सचिव एसपी शुक्ला ने बताया कि सभी उपभोक्ता श्रेणियों में पिछली दरों की तुलना में बिजली दरों में औसतन 8.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। राज्य में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण के लिए तीन सरकारी कंपनियों द्वारा बिजली सेवाओं का प्रबंधन किया जाता है। शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार ने वितरण कंपनी के सकल राजस्व घाटे को कम करने के लिए 2024-25 के लिए एक हजार करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करने का फैसला किया है। नतीजतन, वितरण कंपनी को 2024-25 के लिए मौजूदा दर पर 1819 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा होने का अनुमान है। आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली खपत की सभी श्रेणियों में 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि की गई है। कृषि पंप कनेक्शन के लिए टैरिफ में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। गैर-सब्सिडी वाले कृषि पंप कनेक्शन के लिए ऊर्जा शुल्क पर 20 प्रतिशत की रियायत जारी रहेगी। एलवी-पांच और एचवी-पांच श्रेणियों के तहत पोहा और मुरमुरा मिलों के लिए ऊर्जा शुल्क पर पांच प्रतिशत की छूट लागू रहेगी। उच्च वोल्टेज स्टील उद्योगों की बिजली दरों में 25 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। बयान में कहा गया है कि राज्य में पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली को प्रोत्साहित करने के लिए, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इकाइयों के लिए टैरिफ 6.92 रुपये प्रति यूनिट रखा गया है। ग्रामीण और आदिवासी बहुल सरगुजा (उत्तर छत्तीसगढ़) और बस्तर (दक्षिण छत्तीसगढ़) क्षेत्रों में अस्पतालों, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर के लिए पांच प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एक अप्रैल, 2019 के बाद मोबाइल टावरों की स्थापना पर ऊर्जा शुल्क पर दी जा रही 50 प्रतिशत छूट को घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। पंजीकृत महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) द्वारा संचालित औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को ऊर्जा शुल्क पर 10 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए ऊर्जा शुल्क पर 15 प्रतिशत की छूट जारी रहेगी। राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं को पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई 'बिजली बिल हाफ' योजना में आधी छूट का लाभ मिलता है। बिजली दरों में बढ़ोतरी के लिए सत्ताधारी दल भाजपा की आलोचना करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दामों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दिया है, यह अनुचित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आम आदमी परेशान हो गया है।



# अमेरिकी क्रिकेटर ने रचा इतिहास



टी-20 वर्ल्डकपः 2024

## टी-20 वर्ल्डकप के ओपनिंग मैच में रिकॉर्ड्स की बरसात

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी-20 विश्व कप 2024 का धमाकेदार आगाज हुआ है। टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में मेजबान यूएसए ने कनाडा को 14 गेंद पहले सात विकेट से हरा दिया। यूएसए के सामने 195 रन का विशाल लक्ष्य था, लेकिन 29 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज आरोन जोन्स की तूफानी 94 रन की पारी के आगे यह टोटल बौना साबित हो गया। जोन्स ने अपनी इस विस्फोटक पारी से एक के बाद एक कई रिकॉर्ड तोड़े। सिर्फ 40 गेदों में 10 गगनचुंबी छक्के और चार चौके की मदद से उन्होंने कनाडाई गेंदबाजों के होश उड़ा दिए। टी-20 विश्व कप के इतिहास में यह तीसरा सबसे बड़ा रनचेज भी है। चलिए एक नजर डालते हैं इस मैच में बने रिकॉर्ड्स पर...

### सबसे बड़ी पार्टनरशिप

इस मैच में आरोन जोन्स ने सिर्फ 40 गेंदों पर 4 चौके, 10 छक्के की मदद से नाबाद 94 रन बनाए। इस दौरान एंड्रीज गौस के बीच उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की पार्टनरशिप की। यह अमेरिका के लिए टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। गौस ने सात चौके और तीन छक्के की मदद से 46 गेंदों पर 65 रन बनाए।

### टी-20 वर्ल्डकप में तीसरा सबसे सफल रनचेज

195 रन के लक्ष्य को यूएसए ने किसी मजाक की तरह चेज कर दिया। यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। सबसे बड़ा रन चेज इंग्लैंड के नाम है, जब उसने 2016 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 230 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका का नाम है, जोबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ 206 रन का लक्ष्य साधा था।

### क्रिस गेल की बराबरी

आरोन जोन्स ने इस मैच में 10 छक्के लगाकर खतरनाक कैरेबियाई बल्लेबाज क्रिस गेल की बराबरी कर ली। 2007 टी-20 विश्व कप में गेल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 117 रन की पारी के दौरान 10 छक्के मारे थे। हालांकि टी-20 विश्व कप के एक मैच में सबसे ज्यादा 11 छक्के लगाने का कीर्तिमान भी गेल के ही नाम है, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2016 एडिशन में लगाए थे।

### T20 WC के एक ओवर में सबसे महंगा ओवर

कनाडा के जेरेमी गॉर्डन ने मैच के 14वें ओवर में 32 रन लुटा दिए। इस ओवर में उन्होंने कुल 11 गेंदें फेंकी, जिसमें तीन छक्के, दो चौके, तीन वाइड और दो नो बॉल शामिल रहे। इस तरह जेरेमी ने टी-20 विश्व कप का दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंका। पहले नंबर पर स्टुअर्ट ब्रॉड बरकरार है, जिन्होंने युवराज सिंह से लगातार छह गेंदों में छह छक्के खाकर 36 रन लुटाए थे।

### एसोसिएट टीम के पहले बल्लेबाज

टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में आज तक एसोसिएट टीम के किसी बल्लेबाज ने 10 छक्के नहीं मारे हैं। जोन्स यह कारनाम करने वाले पहले बल्लेबाज बने। इतना ही नहीं जोन्स टी-20 में यूएसए के लिए सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं।



चैंपियन लीग

# डॉर्टमुंड को एकतरफा अंदाज में हराकर रियल मैड्रिड बना चैंपियन

## 15वीं बार जीता खिताब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल मैड्रिड के लिए डानी ने टोनी क्रूस के कॉर्नर पर 74वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विनिसियस जूनियर ने 83वें गोल कर रियल मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। डानी कारवाजल और विनिसियस जूनियर के एक-एक गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने फाइनल में बोरुसिया डॉर्टमुंड को हराकर यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड को 2-0 से हराया और 15वीं बार इस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

इस तरह रियल मैड्रिड ने अपने पिछले नौ यूरोपियन कप फाइनल्स जीते हैं और पिछले 11 सीजन में से छह बार टूर्नामेंट जीता है। रियल मैड्रिड के लिए डानी ने टोनी क्रूस के कॉर्नर पर 74वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद विनिसियस जूनियर ने 83वें गोल कर रियल मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। अंतिम सीटी बजने तक डॉर्टमुंड की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा।

निकलास फुएलक्रुग के पोस्ट पर करीम अदेयेमी गोल करने में नाकाम रहे। डॉर्टमुंड ने कई मौके गंवाए जिसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा।

### पहले हाफ में रियल मैड्रिड को करना पड़ा संघर्ष

मैड्रिड को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा लेकिन इसके बाद उसने मैच में दबदबा बनाए रखा। उसकी तरफ से डैनी कार्वाजल और विनीसियस जूनियर ने गोल दागे। डॉर्टमुंड ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया। उसने कुछ मौके भी बनाए लेकिन इसका फायदा उठाने में नाकाम रहा। कार्वाजल, लुका मोड्रिक, टोनी क्रूस और नाचो ने छठी बार ट्रॉफी जीती और इस तरह से उन्होंने मैड्रिड के स्टार खिलाड़ी रहे पाको गेंटो की बराबरी की।

### मैड्रिड का कोच रहते एंसेलोटी ने तीसरी बार जीता खिताब

रियल मैड्रिड के कोच कार्लो एंसेलोटी का कोच के रूप में चैंपियंस लीग में यह पांचवा खिताब है। इस तरह से उन्होंने अपने रिकॉर्ड में सुधार किया। जिनेदिन जिदान, पेप गार्डियोला और बॉब पैस्ले ने कोच के रूप में तीन-तीन बार चैंपियंस लीग जीती है।

रियल मैड्रिड का कोच रहते हुए एंसेलोटी ने तीसरी बार चैंपियंस लीग जीती। वेंबले स्टेडियम में खेले गए फाइनल में अपनी टीम की जीत के बाद एंसेलोटी ने कहा, हमें इसकी आदत पड़ती जा रही है। हमारा स्वप्निल सफर जारी है। यह बेहद मुश्किल मैच था। हमने जितना सोचा था यह उससे अधिक कड़ा मैच था। पहले हाफ में हम थोड़ा सुस्त थे लेकिन इसके बाद हमने अच्छा खेल दिखाया।

फ्रेंच ओपन

# सितसिपास फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में



**पेरिस , एजेंसी।** अमेरिका की सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ऑंस जेबुर से होगा।

स्टेफानोस सितसिपास ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके कार्लोस अल्कारेज और इगा स्वियातेक के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश किया। सितसिपास ने झांग झिझेन को 6-3, 6-3, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला इटली के गैर वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हराया था। इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सिनर ने पावेल कोटोव को 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर का अगला मुकाबला फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट से होगा। दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्कारेज ने भी 27वीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा को 6-4, 7-6 (5), 6-3 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। अल्कारेज पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे।महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने मैरी बौजकोवा को 6-4, 6-2 से हराकर चौथे दौर में प्रवेश किया। उनका अगला मुकाबला गैर वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से होगा।

अमेरिका की सोफिया केनिन को हार का सामना करना पड़ा। केनिन को डेनमार्क की गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी क्लारा टूसन ने 6-2, 7-5 से हराया। टूसन का अगला मुकाबला विंबलडन में दो बार उपविजेता रही ऑंस जेबुर से होगा।

# बांग्लादेश को लगा झटका, टी20 विश्व कप के पहले मैच में चोटिल शोरफुल का खेलना मुश्किल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत से पहले बांग्लादेश को एक बड़ा झटका लगा जब उनके स्टार तेज गेंदबाज शोरफुल इस्लाम शनिवार को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गए। चोट के कारण शोरफुल का 6 जून को श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है।

3.5 ओवर में सिर्फ 26 रन देकर एक विकेट लेने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शोरफुल खेल के दौरान बांग्लादेश के सबसे प्रभावी गेंदबाज थी। शुरुआती सूजन और उसके बाद की मेडिकल जांच से पता चला कि उनकी हथेली और तर्जनी के बीच टांके लगाने पड़े। शोरफुल का 7 जून को डलास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश के शुरुआती मैच में खेलना संदिग्ध है, क्योंकि मेडिकल स्टाफ ने संकेत दिया है कि उन्हें ठीक होने में कम से कम एक सप्ताह का समय लगेगा। तंजीम शाकिब, तस्कीन अहमद और मुस्तफिजुर रहमान के साथ गेंदबाजी लाइनअप के एक महत्वपूर्ण सदस्य शोरफुल का ना होना टीम के लिए एक बड़ी बाधा है। संभावित चोटों की आशंका को देखते हुए बांग्लादेश के प्रबंधन ने समझदारी से दो रिजर्व खिलाड़ियों को शामिल किया था, जिसमें तेज गेंदबाज हसन महमूद भी शामिल थे। यह एहतियात अब समझदारी भरा कदम लगता है, क्योंकि अगर शोरफुल टूर्नामेंट के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाते हैं, तो हसन को टीम में शामिल किया जा सकता है। टीम तस्कीन अहमद की रिकवरी पर भी नजर रख रही है, क्योंकि उन्हें पहले मैच के लिए तैयार रहना चाहिए।

### टी20 विश्व कप के लिए बांग्लादेश की टीम

नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद, लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन तमीम, शाकिब अल हसन, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह रियाद, जैकर अली अनिक, तनवीर इस्लाम, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, शोरीफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**रिजर्व:** अफीफ हुसैन, हसन महमूद।

ओलंपिक क्वालिफायर

# मुक्केबाजी में भारत हासिल कर सकता है एक और ओलंपिक कोटा, जैस्मीन का शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निशांत देव ( 71 किग्रा) के अलावा महिला वर्ग में निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए अपना स्थान पक्का कर चुके हैं।

मुक्केबाजी में भारत को एक और ओलंपिक कोटा मिल सकता है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के 57 किग्रा क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड की एना मारिजा मिलिसिक पर शानदार जीत दर्ज करके पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने के करीब पहुंच गई हैं। भारत की इस 22 साल की खिलाड़ी ने अंतिम 16 मुकाबले में जजों के सर्वसम्मत निर्णय (5-0) से मिलिसिक को शिकस्त दी।

निशांत देव ( 71 किग्रा) के अलावा महिला वर्ग में निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पहले ही पेरिस के लिए अपना स्थान पक्का कर चुके हैं।

### क्वार्टर फाइनल में जीत दिलाएगा ओलंपिक कोटा

क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में महिलाओं के 57 किग्रा भार वर्ग में चार कोटा स्थान है। जैस्मीन को पेरिस खेलों में अपनी जगह पक्की करने और भारत के लिए 57 किग्रा कोटा पुनः प्राप्त करने के लिए रविवार को अपना क्वार्टर फाइनल जीतना होगा। परवीन हुड्डा ने 2023 एशियाई खेलों में 57 किग्रा कोटा हासिल किया था, लेकिन पिछले महीने डोपिंग के आरोप में उन्हें निलंबित कर दिया गया था, जिससे भारत को कोटा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### सचिन का सफर सेमीफाइनल में समाप्त

पुरुषों के 57 किग्रा में पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने 57 किग्रा सेमीफाइनल में अच्छी कोशिश की, लेकिन टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता फिलीपींस के कार्लो पालम से 0-5 से हार गए।



### जैस्मीन ने तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया

जैस्मीन ने एशियाई खेलों और ओलंपिक के पहले क्वालीफायर में 60 किग्रा में चुनौती पेश की थी लेकिन टूर्नामेंट में रिजर्व के रूप में सूचीबद्ध होने के कारण उन्हें 57 किग्रा में भाग लेने की अनुमति मिल गई। जैस्मीन और मिलिसिक ने शुरुआत में एक-दूसरे को आंकने पर ध्यान दिया। जैस्मीन ने इसके बाद अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया और मिलिसिक लगातार मुक्के बरसाये। स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन जैस्मीन उनसे दूरी बनाए रखने में सफल रहीं।

# विरोधी पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता से खेले भारतीय टीमः युवराज

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे युवराज सिंह का मानना है कि भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है और अगर वह टी20 विश्व कप में विरोधी टीम पर ध्यान देने के बजाय अपनी क्षमता के साथ खेले तो वह आईसीसी ट्रॉफी जीतने का लंबा इंतजार खत्म कर सकती है। भारत ने अपना अंतिम आईसीसी टूर्नामेंट 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में जीता था।



इससे दो साल पहले युवराज के शानदार प्रदर्शन से भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। भारत ने 2007 में पहला टी20 विश्व कप भी जीता था जिसमें युवराज ने इंग्लैंड के खिलाफ लीग मैच में तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में छह छक्के लगाए थे। युवराज से जब भारत के पिछले एक दशक से भी अधिक समय से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने के बारे में पूछा गया, उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर भारत खुद पर विश्वास रखे और अपनी पूरी क्षमता से खेले तो वह खिताब जीत सकता है। टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी के एंबेसडर युवराज ने कहा, 'अतीत में हमने इन्हीं चीजों पर गौर करके जीत हासिल की। हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया।

हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। हमें अपने मजबूत पक्षों पर गौर करना होगा। हमारे पास कई मैच विजेता खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि यह शानदार टूर्नामेंट होगा। युवराज ने कहा, 'अगर भारत जीतता है तो यह हमारे लिए शानदार पल होगा। भारत को आईसीसी ट्रॉफी जीते हुए लंबा समय हो गया है। उम्मीद है कि इस बार हमारी टीम यह इंतजार खत्म कर देगी।



# 39 साल के दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट को कहा अलविदा, जन्मदिन पर लिखा भावुक पोस्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से रिटायरमेंट ले लिया है. विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक ने 1 जून (शनिवार) को अपने 39वें जन्मदिन पर संन्यास का ऐलान किया. कार्तिक हालिया आईपीएल सीजन में आरसीबी के लिए खेलते दिखे थे. कार्तिक ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपने दो दशक से ज्यादा लंबे क्रिकेटिंग करियर को याद किया है. कार्तिक ने लिखा, पिछले कुछ दिनों में मुझे जो स्नेह, समर्थन और प्यार मिला है, उससे मैं अभिभूत हूं. इस चीज को संभव बनाने वाले सभी प्रशंसकों के प्रति मेरी गहरी कृतज्ञता और हार्दिक धन्यवाद. काफी समय तक इस पर विचार करने के बाद मैंने क्रिकेट से हटने का निर्णय लिया है. मैं आधिकारिक तौर पर अपने संन्यास की घोषणा करता हूं.अपने खेल के दिनों को पीछे छोड़कर आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए तैयार हो रहा हूं.

कार्तिक कहते हैं, मैं अपने कोचों, कप्तानों, चयनकर्ताओं, टीममेट्स और सपोर्ट स्टाफ के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस लंबी यात्रा को सुखद और आनंददायक बनाया है. मैं खुद को उन कुछ भाग्यशाली लोगों में से एक मानता हूं जिन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला. इतने सारे प्रशंसकों और दोस्तों की सद्भावना अर्जित करने के लिए मैं और भी भाग्यशाली हूं. कार्तिक ने आगे कहा, इन सभी वर्षों में मेरे माता-पिता मेरी ताकत और समर्थन के स्तंभ रहे हैं और उनके आशीर्वाद के बिना मैं आज जो कुछ भी हूं, वह नहीं होता. मैं दीपिका (पत्नी) का भी बहुत आभारी हूं, जो खुद एक पेशेवर खिलाड़ी हैं. हमारे महान खेल के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत धन्यवाद. आपके समर्थन और शुभकामनाओं के बिना क्रिकेट और क्रिकेटर्स का अस्तित्व वैसा नहीं होता.

कार्तिक ने आईपीएल 2024 में भी दमदार प्रदर्शन किया और फिनिशर की भूमिका निभाते हुए 15 मैचों में 326 रन बनाए. कार्तिक ने अपने प्रदर्शन से खुद को टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की दौड़ में वापस ला दिया था. भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने अनुभवी विकेटकीपर के साथ मैदान पर मजाक में कार्तिक से यह भी कहा था कि डीके अभी वर्ल्ड कप खेलना है, यह वीडियो खूब वायरल हुआ था.

देखा जाए तो दिनेश कार्तिक ने अपने आईपीएल करियर में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया. 2011 में पंजाब जाने से पहले उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ शुरुआत की. 2014 में दिल्ली वापस जाने से पहले उन्होंने अगले दो सीजन मुंबई के साथ बिताए. 2015 में आरसीबी ने शामिल किया. इसके बाद चार सीजन बिताने से पहले वो 2016 और 2017 में गुजरात लायंस के लिए खेले. फिर वो केकेआर टीम में वापस आए, इस टीम का उन्होंने नेतृत्व भी किया. कार्तिक 2022 में आरसीबी में लौटे और फिनिशर की भूमिका को बखूबी निभाया.

दिनेश कार्तिक ने आईपीएल में अपनी उम्र को केवल नंबर गेम बनाकर रख दिया था. आरसीबी में शामिल होने के बाद तो डीके अलग ही अंदाज में खेल रहे थे. आरसीबी के साथ आईपीएल 2022 में कार्तिक का अविश्वसनीय प्रदर्शन रहा था.

### धोनी से पहले किया टीम इंडिया के लिए डेब्यू

दिनेश कार्तिक का इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू एमएस धोनी से पहले हुआ था. कार्तिक ने नवंबर 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था. वहीं वनडे डेब्यू 5 स?तंबर 2004 को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में किया. वहीं टी20 डेब्यू 1 दिसंबर 2006 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में किया था. वहीं धोनी ने अपना टेस्ट डेब्यू चेन्नई में श्रीलंका के खिलाफ दिसंबर 2005 में किया. धोनी का वनडे डेब्यू दिसंबर 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ चटगांव में था. हालांकि टी20 डेब्यू धोनी और डीके का एक ही मैच में था, जो साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला गया था.

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, सोमवार 03 जून 2024




पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय रीवा में अनिल कुमार अतिरिक्त पुलिस महानिर्देशक पुलिस मुख्यालय भोपाल की अध्यक्षता में रीवा जोन के सभी जिलों की कानून व्यवस्था के समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



## मलेरिया निरोधक अभियान का हुआ शुभारंभ





**रीवा।** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय से जागरूकता रैली निकाली गई। तदुपरांत आयोजित प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला द्वारा वाहक जनित बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव द्वारा वैक्टर जनित बीमारियो के वाहक मच्छरो व उनके लार्वा की पहचान, विनिष्टीकरण, बीमारी के लक्ष्ण व बचाव के तरीको की जानकारी दी गई। आशाकार्यकर्ताओ को हैण्ड्सऑन प्रशिक्षण के माध्यम से मलेरिया रैपिड किट व स्लाइड के से मलेरिया जॉच की जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि जून माह में मानसून के प्रारम्भ होने व मानसून के पश्चात मच्छरों के उत्पत्ति स्थल बढ जाने के कारण मलेरियाजन्य परिस्थितियाँ निर्मित हो जाती है एवं मलेरिया का प्रसार अधिक होने लगता है। मानसून प्रारम्भ होने के पूर्व मच्छरों के उत्पत्ति स्थलों के नियंत्रण एवं मलेरिया बीमारी की रोकथाम नियंत्रण एवं जनसमुदाय में जागरूकता तथा मलेरिया उन्मूलन वर्ष 2030 की लक्ष्य प्राप्ति हेतु जून माह मलेरिया निरोधक माह में जिले, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन प्रचार-प्रसार एवं अंतरभागीय एवं सामाजिक जुडाव हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाकर जन सामान्य की भागीदारी एवं अंतरविभागीय सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा। मलेरिया निरोधक माह के आयोजन में मलेरिया नियंत्रण के साथ ही अन्य मच्छर जनित बीमारियों जैसे- डेंगू चिकनगुनिया, फाईलेरिया का भी प्रभावी नियंत्रण किया जायेगा। उक्त जागरूकता रैली एवं कार्यशाला में दिवाकर प्रसाद मिश्रा, आशीष तिवारी, श्रीमती मनीषा साकेत, सतीश गुप्ता, अखिलेश तिवारी, राजेश त्रिपाठी, अनूप सिहं, एवं मलेरिया कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डाक मतपत्र आज भेजे जाएंगे इंजीनियरिंग कालेज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र में डाक मतपत्र तथा ईटीपीबीएस से हुए मतदान के बाद मतपत्र पुराने कलेक्ट्रेट भवन में बनाए गए स्ट्रांग रूम में संधारित हैं। इन्हें 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए 3 जून को शाम 4 बजे पुराने कलेक्ट्रेट भवन के स्ट्रांग रूम से इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम बंद पेटियों में ले जाया जाएगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि तहसीलदार हुजूर डाक मतपत्रों के बक्से परिवहन करने के लिए उपयुक्त वाहन तथा चार कोटवारों की तैनाती करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उम्मीदवारों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से स्ट्रांग रूम खुलने के समय तथा इंजीनियरिंग कालेज में स्ट्रांग रूम बंद करते समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## रिटर्निंग आफीसर के सहयोग हेतु सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाभिहित

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना के लिए रिटर्निंग आफीसर के कार्यों के निर्वहन में उनकी सहायता के लिए विधानसभावार सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाभिहित किए हैं। सिरमौर विधानसभा के लिए तहसीलदार राजेन्द्र शुक्ला व नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला, सेमरिया के लिए तहसीलदार श्रीमती आँचल अग्रहरि, नायब तहसीलदार अर्जुन बेलवंशी तथा सीईओ जनपद सिरमौर हलधर मिश्रा को तथा त्योंथर विधानसभा के लिए तहसीलदार राजेश तिवारी एवं नायब तहसीलदार द्वारिका प्रसाद दहायत व वीरेन्द्र द्विवेदी को सहायक रिटर्निंग आफीसर बनाया गया है। इसी प्रकार मऊगंज विधानसभा के लिए तहसीलदार कुंवारेलाल पनिका, नायब तहसीलदार बैसाखूलाल प्रजापति एवं सीईओ जनपद हनुमना एबी खरे, देवतालाब के लिए तहसीलदार सौरभ मरावी एवं दीपक तिवारी व सीईओ जनपद मऊगंज कल्पना यादव को एवं मनगवां विधानसभा के लिए तहसीलदार नीलेश सिंह, नायब तहसीलदार श्रीमती साधान सिंह व सीईओ जनपद राजेश कुमार को सहायक रिटर्निंग आफीसर नियुक्त किया गया है। जबकि रीवा विधानसभा के लिए तहसीलदार शिवशंकर शुक्ला, नायब तहसीलदार श्रीमती विन्ध्या मिश्रा व अरूण यादव तथा गुढ़ विधानसभा के लिए तहसीलदार विनयमूर्ति शर्मा, सुमित गुप्ता एवं सीईओ जनपद संजय सिंह को सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाभिहित किया गया है।

### डाक मतपत्र की प्री काउंटिंग हेतु सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाभिहित

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा संसदीय क्षेत्र के मतगणना में प्राप्त डाक मतपत्र की प्री काउंटिंग के लिए सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाभिहित किए हैं। राजस्व विभाग के तहसीलदार व नायब तहसीलदार स्तर के अधिकारी मतगणना टेबलवार सहायक रिटर्निंग आफीसर पदाभिहित किए गए हैं।

## नमामि गंगे अभियान की समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में नमामि गंगे अभियान की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में 3 जून को शाम 4 बजे से की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नमामि गंगे अभियान 5 जून से 16 जून तक सबकी सक्रिय सहभागिता से चलाया जाएगा। इस अभियान में जल स्त्रोंतो का पुनर्जीवीकरण होगा। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से इस अभियान को जिले में प्रारम्भ किया जायेगा। अभियान के दौरान जिले में पूर्व निर्मित ऐसी जल संग्रहण संरचनाएं (जैसे नदी, तालाबों, कुआ, बावड़ी आदि) उपलब्ध हैं जो कि वर्ममान में विभिन्न कारणों से अनुपयोगी हो गई हैं उनका पुनरूद्धार और जीर्णोद्धार और नवीनीकरण किया जाकर इन्हें उपयोगी बनाया जायेगा।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आज 3 जून को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल बैठक का आयोजन किया गया है। टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही समयावधि के पत्रों की भी समीक्षा की जाएगी। टीएल बैठक के उपरांत कलेक्टर द्वारा नियमित टीकाकरण, मीजल्स-रूबेला एवं दस्तक अभियान तथा जिला टास्क फोर्स की बैठक ली जाएगी।

## मऊगंज में नमामि गंगे अभियान के लिए समिति गठित

रीवा

कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने नमामि गंगे अभियान के क्रियान्वयन के लिए मऊगंज, हनुमना एवं नईगढ़ी में विकासखण्ड स्तरीय समितियों के गठन के आदेश दिए हैं। अभियान 5 जून से 16 जून तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत जिले के प्रमुख जल स्रोतों की साफ-सफाई की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार प्रत्येक विकासखण्ड में अभियान के लिए जनपद स्तरीय समिति गठित की गई है। इसका अध्यक्ष एसडीएम को बनाया गया है। समिति में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को समन्वयक बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में सहायक यंत्री पीएचई, सहायक यंत्री जल संसाधन, सहायक यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी, परियोजना अधिकारी मनरेगा, परियोजना अधिकारी वाटरशेड, ब्लाक समन्वयक जन अभियान, प्रबंधक आजीविका मिशन, ब्लाक समन्वयक स्वच्छता मिशन, बीएलआई योजना एवं सांख्यिकी तथा दो अशासकीय सदस्य को शामिल किया गया है। इन समितियों द्वारा जिले में पिछले पाँच वर्ष या उससे पूर्व से निर्मित सभी प्रमुख जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं सुधार का कार्य भी किया जाएगा।

## मतगणना में विधानसभावार कक्षों के पर्यवेक्षक व सुरक्षा के लिए अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। मतगणना में विधानसभावार कक्षों की गतिविधियों के पर्यवेक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को नियुक्त किया है। आयुक्त नगर निगम रीवा श्रीमती संस्कृति जैन को सिरमौर, सेमरिया एवं त्योंथर के लिए, अपर कलेक्टर मऊगंज अशोक ओहरी को मऊगंज एवं देवतालाब के लिए, अपर कलेक्टर रीवा श्रीमती सपना त्रिपाठी को मनगवां, रीवा एवं गुढ़ के लिए अधिकृत किया गया है। जबकि अपर कलेक्टर विकास सौरभ सोनवणे को ईटीपीबीएस पोस्टल बैलेट के पर्यवेक्षण व सुरक्षा हेतु अधिकृत किया गया है।

## मतगणना में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश एवं परिचय पत्र का वितरण आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। मतगणना कार्य में लगे पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर के मतगणना ड्यूटी आदेश एवं परिचय पत्र आज 3 जून को प्रात- 11 बजे से टीआरएस कालेज में विधानसभावार वितरित किए जाएंगे। प्रभारी अधिकारी मतगणना दल गठन ने सभी सहायक रिटर्निंग आफीसर को निर्देश दिए हैं कि ड्यूटी आदेश व परिचय पत्र वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

## बाइक से पेट्रोल निकालकर युवक को जलाया, आरोपित गिरफ्तार



**रीवा।** आपसी विवाद में आग लगाने की घटना में झुलसे हुए युवक की हालत में सुधार हो रहा है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला चोरहटा थाना अंतर्गत नौबस्ता चौकी क्षेत्र के गढ़वा गांव का है। घटना में विद्यानंद चौधरी बुरी तरह से झुलस गया। जिसे इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

घटना के संबंध में बालेंद्र शेखर चौधरी ने बताया कि मेरा भाई विद्यानंद गांव के ही रहने वाले राजेश चौधरी के साथ छिजवार गया हुआ था। दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई। जिसके बाद आरोपी राजेश ने बाइक से पेट्रोल निकालकर विद्यानंद पर डाला और आग लगा दी।

परिजनों का आरोप है कि दोनों साथ में शराब के ठेके पर गए हुए थे। घटना भी शराब ठेके से कुछ दूर पर घटित हुई है। घायल युवक घरों में लाइट फिटिंग का काम करता है।पुलिस ने पूरे मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही आरोपित से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। वहीं घायल एवं आरोपित आपस में चाचा भतीजा है।

### इनका कहना है

आग लगाने की घटना में युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। किस बात को लेकर विवाद हुआ है इसका पता लगाया जा रहा है जबकि घायल एवं आरोपित दोनों आपस में चाचा भतीजा है।

**अनिल सोनकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा**

आग से झुलसे से युवक की हालत में सुधार हो रहा है। अब उसकी हालत खतरे से बाहर है।

**डॉ अतुल सिंह सीएमओ संजय गांधी हॉस्पिटल**

## तूफानी बारिश के बाद ननि की टीम ने रास्तों पर गिरे पेड़-पौधों को हटाकर आवागमन बहाल कराया



**रीवा।** शहर में हुए तूफानी बारिश के बाद नगर निगम की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए, रास्तों पर गिरे पेड़-पौधों को हटाकर आवागमन बहाल कराया गया। दिनांक 02 जून 2024 को दोपहर 2 बजे से शहर में तूफान के साथ बारिश हुई। जिसके कारण शहर के विभिन्न स्थानों पर पेड़ गिर गए जिससे आवागमन अवरुद्ध हुआ। निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर नगर निगम के टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गिरे हुए पेड़ो को जेसीबी मशीन एवं मैनुअल कटिंग द्वारा रास्तों से हटाया गया। जिससे आमजन के लिए आवागमन बहाल हो सका। इसी प्रकार शहर के कई क्षेत्रों में बारिश के कारण जल निकासी की व्यवस्था में भी निगम की टीम देर रात तक लगी रही। उक्त कार्यवाही में निगम के जोनल अधिकारी श्री एसएल दहायत, श्री एचके त्रिपाठी, श्री राजेश सिंह एवं उनकी टीम द्वारा निरंतर प्रयास किया गया।

## मतगणना कर्मियों का रेण्डमाइजेशन आज

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र की मतगणना 4 जून को होगी। मतगणना के लिए तैनात गणना सहायक तथा गणना परिवेक्षकों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन 3 जून को किया जायेगा। निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में प्रात = 8 बजे रेण्डमाइजेशन किया जायेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे ने सभी संबंधितों से रेण्डमाइजेशन में उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

## मुल्जिम लेकर जा रही बोलेरो पेड़ से टकराई, आरक्षक की मौत, दो गंभीर



**रीवा।** नागौद से मुल्जिम लेकर रीवा न्ययालय में पेश करने ले जा रही पुलिस का बोलेरो बाहन सतना सोहावल मोड के पास एक पेड़ से टकरा गया। उक्त दुर्घटना में जहां एक आरक्षक की रीवा के संजय गांधी अस्पताल में मौत हो गई है वही चौकी प्रभारी सहित प्रधान आरक्षण गंभीर रूप से घायल हो गए हैं । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन में सवार तीन पुलिसकर्मियों को गंभीर चोट आई है। बोलेरो में सवार एनडीपीएस के आरोपी सूरज पटेल सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही घायल पुलिसकर्मियों को प्राथमिक उपचार हेतु सतना जिला अस्पताल ले जाया गया।जिला अस्पताल सतना से प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस कर्मियों की हालत गम्भीर होने के कारण रीवा संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया है। संजय गांधी अस्पताल में इलाज के दौरान आरक्षक कांति कुमार मिश्रा की जहां मौत हो गई है वही एसआई अरुण त्रिपाठी और पंकज मिश्रा बताए जा रहे रहे हैं। आरक्षक की मौत की सूचना मिलते ही मौके पर रीवा रेंज के आईजी महेंद्र सिंह सिकरवार मौके पर पहुंचे हैं। आरक्षक की मौत की सूचना आनन फानन में उनके परियों को दी गई है । संजय गांधी अस्पताल के सीएमओ डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया एसआई एवं प्रधान आरक्षक की हालत नाजुक बनी हुई है।

## मतगणना कार्य में सहयोग हेतु मास्टर ट्रेनर नियुक्त

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में की जाएगी। मतगणना में विधानसभावार सहायक रिटर्निंग आफीसरों व प्रेक्षकों को सहयोग प्रदान करने हेतु मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने डॉ हुलास पंडरो को सिरमौर विधानसभा के लिए, डॉ एचजीआर त्रिपाठी व डॉ राजेश सिंह को सेमरिया के लिए, डॉ आरके तिवारी को त्योंथर के लिए, डॉ विवेक कुमार पटेल को मऊगंज एवं डॉ अनवर खान को देवतालाब के लिए डॉ अखिलेश शुक्ला को मनगवां के लिए, संकठा प्रसाद शुक्ला को रीवा के लिए तथा डॉ बीएन सिंह को गुढ़ विधानसभा के लिए नियुक्त किया गया है।

## जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 5 से 16 जून तक चलेगा विशेष अभियान

### अभियान के लिए नगरीय विकास व आवास विभाग एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त निर्देश जारी

रीवा

प्रदेश के सभी जिलों में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग करेगा।

अभियान के सफल व सुचारू संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव श्री नीरज मंडलोई द्वारा राज्य के सभी कलेक्टरों को संयुक्त दिशा-निर्देश?जारी किए गए हैं। निर्देशों में कलेक्टरों से कहा गया है कि अभियान के दौरान जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराये जाए। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाए। जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगार मूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का स्पष्टत: निर्धारण कर लिया जाए। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाये। जल संरचनाओं के किनारे पर यथा संभव बफर जोन तैयार किए जाएंगे। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। जन-जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ-साथ जल संरचनाओं की साफ-सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेंगें। यह भी निर्देशित किया गया है कि जल स्रोतों के संरक्षण, जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जायेगी। इस अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

## लाली चुनरिया के कोर कारी, पिआ पनिया ना जावय नजर लागी

**सीधी।** जिले के रामपुर नैकिन जनपद क्षेत्र के ग्राम कपुरी कोठार भरतपुर के हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार की शाम विंध्य लोक रंग महोत्सव का आयोजन सौम्य पाण्डेय राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी, ऋषिराज मिश्रा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रामपुर नैकिन, राजीव तिवारी जनपद सीईओ, शिरीष मिश्रा अल्ट्राटेक सीमेंट मझिगवां, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री संयोजक, विवेकानन्द युथ फेडरेशन, जनपद सदस्य श्रीमती सीमा पाण्डेय, महेंद्र सिंह भदौरिया, अरूण शेखर त्रिपाठी, सिवेंन्द्र सिंह, उमेश सिंह, अशोक सिंह, प्रशांत सिंह, आदित्य सिंह, मनोज पाण्डेय, अमित सिंह, हरीश व्दिवेदी और अतिथि कलाकार डॉ. राजकुमार शर्मा रेखा सिंह,उर्मिला मिश्र उपस्थिति में आयोजित किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833